Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 178 | सोमवार, 30 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## यूक्रेन पर अब तक सबसे बड़ा हवाई हमला

# रूस ने 477 ड्रोन से निशाना साधा, 60 मिसाइलें दागीं

**नई दिल्ली।**

यूक्रेन की वायु सेना ने दावा किया कि रूस ने यूक्रेन पर कुल 537 हवाई हथियार दागे। जिसमें 477 ड्रोन और फर्जी हथियार तथा 60 मिसाइलें शामिल हैं। इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 खो गए। रूस ने यूक्रेन पर शनिवार रविवार की दरम्यानी रात अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें दागीं। यूक्रेन के एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि रूस की ओर से की गई इस कार्रवाई से तीन साल पुराने युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों में सफलता की उम्मीदें और धूमिल हो गई हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने दावा किया कि रूस ने यूक्रेन पर कुल 537 हवाई हथियार



दागे। जिसमें 477 ड्रोन और फर्जी हथियार तथा 60 मिसाइलें शामिल हैं। इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 खो गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने बताया कि रात में अभी तक का सबसे बड़ा हवाई हमला था। इसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों को शामिल किया गया। यह हमला यूक्रेन के पश्चिमी क्षेत्र समेत पूरे क्षेत्र को निशाना बनाकर किया गया, जो अग्रिम मोर्चे से काफी दूर है। यूक्रेन पर यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शुक्रवार को दिए गए उस बयान के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि मॉस्को इस्तांबुल में सीधे शांति वार्ता के नए दौर के लिए तैयार है। हालांकि, युद्ध के थमने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं क्योंकि अमेरिका के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों में अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। खुरासान क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने कहा कि पोलैंड और उसके सहयोगी देशों ने पोलिश हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे हैं। ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने कहा कि ड्रोन हमले में एक एफ-16 पायलट की मौत हो गई।

## आज पुडुचेरी भाजपा को मिलेगा नया अध्यक्ष

**पुडुचेरी।**

रामालिंगम ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत कांग्रेस से की थी। उन्होंने 2021 में भाजपा का दामन थामा, जब पार्टी एन. रंगासामी के नेतृत्व वाली सरकार में गठबंधन सहयोगी बनी थी। रामालिंगम उन तीन भाजपा नेताओं में शामिल थे, जिन्हें पुडुचेरी विधानसभा में नामित किया गया था। पुडुचेरी भाजपा को सोमवार को नया अध्यक्ष मिलने जा रहा है। पूर्व नामित विधायक वी. पी. रामालिंगम 30 जून को निर्विरोध रूप से पार्टी अध्यक्ष चुने जाएंगे। रामालिंगम ने रविवार को इस पद के लिए नामांकन दाखिल किया और उनके अलावा किसी और ने नामांकन नहीं किया, जिससे उनका निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। भाजपा इस समय एआईएनआरसी (ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस) के नेतृत्व वाली सरकार में गठबंधन सहयोगी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रामालिंगम (63 वर्षीय) ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत कांग्रेस से की थी। उन्होंने 2021 में भाजपा का दामन थामा, जब पार्टी एन. रंगासामी के नेतृत्व वाली सरकार में गठबंधन सहयोगी बनी थी। रामालिंगम उन तीन भाजपा नेताओं में शामिल थे, जिन्हें पुडुचेरी विधानसभा में नामित किया गया था। उनके साथ के. वेंकटेशन और आर.



पुडुचेरी की राजनीति में इन दिनों घटनाक्रम तेजी से बदल रहे हैं। 27 जून को सरवनन कुमार ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, उनके स्थान पर नए मंत्री की नियुक्ति पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से विचार–विमर्श के बाद की जाएगी। पुडुचेरी भाजपा इकाई ने तीन नामित विधायकों के इस्तीफे से खाली हुई सीटों को भरने के लिए तीन नामों की सिफारिश पार्टी हाईकमान को भेज दी है।

बी. अशोक बाबू भी नामित विधायक थे। तीनों नामित विधायकों ने 27 जून को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। पेशे से व्यवसायी और रियल एस्टेट कारोबारी रामालिंगम के पास तकनीकी क्षेत्र में डिप्लोमा है। उनके बड़े भाई वी. पी. शिवकोलुंधु कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और वह पूर्व मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। रामालिंगम अब एस. सेल्वगणपति की जगह लेंगे, जो अब तक भाजपा की पुडुचेरी इकाई के अध्यक्ष थे।

## लैंड स्लाइड के बाद पूर्वोत्तर में फिर दौड़ने लगी ट्रेन

**नई दिल्ली।**

असम, त्रिपुरा, मणिपुर और मिजोरम में लैंड स्लाइड के बाद क्षतिग्रस्त हुए रेल ट्रैक को रेलवे ने दुरुस्त कर दिया है। इसके बाद रविवार को सेवाएं आंशिक रूप से बहाल कर दी गईं।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के पीआरओ ने बताया कि प्रभावित रेलवे ट्रैक की बहाली के बाद पहली मालगाड़ी और पहली यात्री ट्रेन (कंचनजंगा एक्सप्रेस) भूस्खलन प्रभावित स्थान जतिंगा लामपुर से गुजरी। हर साल मानसून के दौरान पूर्वोत्तर में लैंड स्लाइड और जल भराव के कारण रेलवे ट्रैक को नुकसान



होता है। इस कारण लंबे वक्त तक ये हिस्से देश के बाकी इलाकों से कटे रहते हैं। त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और दक्षिणी असम में ट्रैक क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। बारिश और लैंड स्लाइड के बाद पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कई ट्रेनों को रद, डायवर्ट और शॉर्ट-टर्मिनेट कर दिया था।

## आज अमेरिका दौरे पर जयशंकर

**न्यूयॉर्क।**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 30 जून से दो जुलाई तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वह अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के निमंत्रण पर क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। इससे पहले, वह 30 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के निमंत्रण पर 30 जून से दो जुलाई तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह एक जुलाई को निर्धारित क्वाड विदेश मंत्रियों की




बैठक (दक्र्श्टट) के अगले संस्करण में भाग लेंगे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा रविवार को दी गई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर 30 जून को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

इस प्रदर्शनी में दुनियाभर में जघन्य आतंकवादी कृत्यों के विनाशकारी प्रभावों और आतंकवाद से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला जाएगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि क्वाड बैठक के दौरान क्वाड देशों के विदेश मंत्री पिछली दक्र्श्टट बैठक के दौरान हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाएंगे, जो 21 जनवरी 2025 को वाशिंगटन डीसी में हुई थी। क्वाड देशों के विदेश मंत्री मिलकर इंडो-पैसिफिक और बाकी दुनिया से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

## उत्तर भारत में भारी बारिश का अलर्ट

## देशभर में राहत के साथ-साथ आफत लेकर पहुंचा मानसून



**नई दिल्ली।**

इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून ने देशभर में समय से पहले दस्तक दे दी है। भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि मानसून पूरे भारत में 8 जुलाई की सामान्य तारीख से 9 दिन पहले ही पहुंच गया है। जहां एक ओर यह किसानों के लिए राहत की खबर है, वहीं दूसरी ओर कई राज्यों में भारी बारिश ने बाढ़ और भूस्खलन जैसे खतरे बढ़ा दिए हैं।

उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पहाड़ से मैदान तक बारिश की मार देखने को मिल रही है। हिमाचल प्रदेश में मानसून की शुरूआत के साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की खबरें आने लगी हैं। कुल्लू में 25 जून को बादल फटने की घटना के बाद फिर से सोलन जिले में भारी बारिश के कारण शिमला-कालका रेललाइन बाधित हुई है।

- **डैम में 44,000 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड आ रहा है और उतनी ही मात्रा में छोड़ा जा रहा है।**

भूस्खलन की वजह से राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी यातायात रुका हुआ है। मंडी जिले में ब्यास नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। लारजी डैम की फ्लशिंग के कारण पंडोह डैम के सभी पांच गेट खोल दिए गए हैं। प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों से दूर रहने की चेतावनी दी है। मनाली में दो साल पहले आई बाढ़ की डरावनी यादें फिर ताजा हो गई हैं। व्यास नदी भारी बारिश के कारण अपना रास्ता बदल रही है, जिससे किनारे बसे घरों और दुकानों को खतरा हो गया है। अब तक बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं में हिमाचल में 30 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

## भाजपा के जितने भी इंजन हैं, सब ईंधन के जुगाड़ में लगे हुए : अखिलेश यादव

**नई दिल्ली।**

सपा मुख्यालय में भी भामा शाह की जयंती के दूसरे दिन उनकी स्मृति में आयोजित बैठक में सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने अखिलेश यादव को व्यापारियों की ओर से सहयोग देने का भरोसा दिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के जितने भी इंजन हैं, सब ईंधन के जुगाड़ में लगे हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के राज में व्यापार आर्थिक-सामाजिक आपातकाल के दौर से गुजर रहा है और यह व्यापारियों के ऊपर नए तरह की इमरजेंसी है। सपा मुख्यालय में पार्टी के फ्रंटल संगठन व्यापार सभा के कार्यकताओं और पदाधिकारियों की एक बैठक में शामिल होने के बाद यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, ्कहने को तो यह सरकार डबल



सपा प्रमुख ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) समेत कर प्रणाली को लेकर सत्तारूढ़ दल की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा ने समय–समय पर व्यापारियों को यह भरोसा दिलाया कि करों के सरलीकरण से व्यापार को लाभ पहुंचेगा, लेकिन सच्चाई यह है कि इन कानूनों ने व्यापारियों को उलझाया है और गलत नीतियों के चलते व्यापार संकट में आ गया है।

इंजन की है और भारतीय जनता पार्टी के लोग कभी यह कहते हुए थकते नहीं कि यह डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इनके काम करने का तरीका देखें तो सच्चाई सामने आ जाएगी और आज सरकार में हर इंजन ईंधन की जुगाड़ में लगा हुआ है। यादव ने 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद सपा की सरकार बनने की उम्मीद जताते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनने के बाद व्यापारियों की सुरक्षा व सम्मान के लिए तथा उनके कारोबार को सहूलियत देने के लिए हर कदम उठाएंगी।

## एसी के लिए वेटिंग लिस्ट की सीमा रेल मंत्रालय ने की 60 प्रतिशत, नया आदेश जारी

**नई दिल्ली।**

रेल मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक नए आदेश में सभी एसी श्रेणियों के लिए यात्रियों की प्रतीक्षा सूची की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत और गैर-एसी श्रेणियों के लिए 30 प्रतिशत कर दी है।

सभी श्रेणियों के यात्रियों की प्रतीक्षा सूची को 25 प्रतिशत तक सीमित करने का आदेश मूल रूप



से 17 अप्रैल को सभी जोनों के साथ-साथ रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआइएस) को जारी किया गया था। इसके बाद सीआरआइएस ने आरक्षण प्रणाली में संशोधन किया और इसे 16 जून से लागू कर दिया। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि यात्रा वर्गों की कुल सीटों/बर्थों की प्रतीक्षा सूची 25 प्रतिशत तक सीमित करने का आदेश लागू करने के मात्र 12 दिन बाद ही मंत्रालय को अपनी गलती का एहसास हो गया और उसने अपना निर्णय लगभग वापस ले लिया।

## 'अथॉरटीज की इजाजत के बगैर घर को प्रार्थना घर में नहीं कर सकते हैं तब्दील', मद्रास हाई कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।**

मद्रास हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि अथॉरिटीज की इजाजत के बगैर घर को प्रार्थना घर में तब्दील नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पादरी की ओर से हलफनामा दाखिल कर लाउडस्पीकर और माइक्रोफोन का प्रयोग किये बगैर शांतिपूर्ण ढंग से घर में प्रार्थना करने का भरोसा दिलाए जाने के बावजूद उसे घर को प्रार्थना घर की तरह प्रयोग करने की इजाजत नहीं दी।

कोर्ट ने कहा कि सिर्फ लाउडस्पीकर या माइक्रोफोन का इस्तेमाल न करने से मुद्दे का हल नहीं होगा। मूल मुद्दा तो यह है कि याचिकाकर्ता प्रेयर मीटिंग के लिए घर को प्रार्थना घर में तब्दील नहीं कर सकता। यह फैसला मद्रास हाई कोर्ट के न्यायाधीश एन. आनंद वेंकटेश ने तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के कोडावसाल तालुक के पादरी एल जोसेफ विल्सन की याचिका निपटाते हुए 13 जून को दिया।

इस मामले में पादरी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर उसके प्रार्थना घर के खिलाफ की गई कार्रवाई रद कराने की मांग की थी।



## संपादक की कलम से

# दो संवैधानिक मुद्दे

दो संवैधानिक मुद्दे आजकल बहसतलब और विवादित हैं। पहला यह है कि 1976 में 42वें संविधान संशोधन के तहत दो शब्द-समाजवादी और पंथनिरपेक्ष-संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए। वह आपातकाल का दौर था, लिहाजा संसद, न्यायपालिका और मीडिया बंधक की स्थिति में थे। विपक्ष के लगभग सभी बड़े नेता जेल में बंद थे। संविधान सभा के दौर में जाएं, तो इन शब्दों पर व्यापक बहस हुई थी। सांसद प्रो. केटी शाह और कामथ सरीखों ने संविधान के अनुच्छेद 1 के तहत इन शब्दों को जोड ? की मांग की थी। संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की दलीलें थीं कि ये शब्द औसत भारतीय की आत्मा में समाए हैं। अनुच्छेद 31 में इन शब्दों का उल्लेख है। नीति निर्देशक तत्वों में भी ये शब्द शामिल हैं। इन्हें संविधान की प्रस्तावना में रखने से लोकतंत्र का लचीलापन समाप्त होगा। लोकतंत्र नष्ट भी हो सकता है, लिहाजा वह प्रस्ताव गिर गया और बाबा अंबेडकर ने उन दो शब्दों को प्रस्तावना में नहीं जोड़ा। 1976 के संविधान संशोधन के बाद छह साल भाजपा-एनडीए की वाजपेयी सरकार केंद्र में रही और अब 11 साल से मोदी सरकार मौजूद है। इनके अलावा, 1977-80 के दौरान जनता पार्टी भी सत्ता में रही। सवाल है कि वे शब्द क्यों नहीं हटाए गए? जब 2020 में सर्वोच्च अदालत में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर 2024 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने फैसला सुनाया कि इतने लंबे सालों के बाद इन शब्दों से छेड़छाड़ न की जाए। पीठ ने समाजवादी और पंथनिरपेक्ष की व्याख्या भी की। यह राजनीतिक विडंबना है कि मंडल बनाम कमंडल की राजनीति के दौर में एक शब्द बदल कर धर्मनिरपेक्ष कहा जाने लगा और भाजपा समर्थक राजनीति को सांप्रदायिक करार दिया जाने लगा। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए दो शब्दों को नासूर करार दिया है, लिहाजा राजनीति ज्यादा विषाक्त हो गई है। दरअसल बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ पहले आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले ने इस मुद्दे को गरमाते हुए कहा है कि इन दो शब्दों को हटाने पर विचार किया जाना चाहिए। दूसरा मुद्दा बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण से जुड़ा है। विपक्ष चिल्ल-पौं कर रहा है कि उसके वोट बैंक के कई नाम सूचियों से काटे जा सकते हैं और भाजपा-समर्थक नाम जोड़े जा सकते हैं। विपक्ष का लगातार आरोप रहा है कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और हरियाणा में भी ऐसा ही किया था, नतीजतन भाजपा सरकारें बनीं। सवाल यह है कि बीते 11 सालों के कालखंड के दौरान चुनाव आयोग की मंशा, चुनावी कवायदों, मतदाता सूचियों के संशोधन आदि शक के घेरे में क्यों हैं? मौजूदा चुनाव आयोग को भाजपापंथी आरोपित क्यों किया जाता है? क्या चुनाव आयोग इतनी घालमेल कर सकता है कि भाजपा की ही सरकार बने, तो देश के कई राज्यों में कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, झामुमो और वामदलों की सरकारें क्यों और किस आधार पर हैं? ये जवाब विपक्ष नहीं देगा। संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को मतदान कराने से पूर्व मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और संशोधन के विशेषाधिकार प्राप्त हैं। यह कवायद हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले की जाती रही है। विपक्ष की कुछ दलीलें सार्थक हैं कि आयोग बिहार में 2003 के बाद बने मतदाताओं के सत्यापन करना चाहता है और यह संख्या करीब 5 करोड़ है, क्या यह कवायद मात्र 25 दिन में पूरी की जा सकती है? बेशक 98,000 से अधिक बूथ लेवल अफसर घर-घर जाकर डाटा इका करेंगे। इसे नागरिकता की पात्रता का भी साक्ष्य माना गया है। पहले घर-घर जाकर दस्तावेज और निजी डाटा इका करेंगे, फिर उसका संकलन होगा, फिर सूचियां छापी जाएंगी, उस पर किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को आपत्ति होगी, तो उसका समाधान निकालना पड़ेगा।



ललित शर्मा
संपादक

कमलेश झा

शिव शिव

कविता



जहाँ जहाँ गए शिव, वही के होकर रह गए,
भस्म रमा कर तन पर शिव, हर द्वार शिवमय हो गए।

जिसने भी जप लिया, शिव ₹शंकर₹ का पावन नाम,
उसके जीवन से मिट गए दुख दर्द का नमो निशान।

कैलाश पर बैठे हों या श्मशान में करने ध्यान,
शिव तो बस प्रेम हैं, जहाँ सच्चे मन से लगाए ध्यान।

गंगा जिनके जटा से बहती, नंदी जिनके द्वारपाल,
भोले बाबा अपने भक्तों पर,कृपा बरसते हैं अपार।

न रूप की चिंता, न धन का उनको अभिमान,
भक्ति भाव से ढलते हैं, औघड़ दानी कर देते जीवन आसान।

डमरू की डीम डिम ध्वनि से, गूँजे सृष्टि में सत्य ज्ञान,
त्रिनेत्र खोल कर देखे जब, टूट जाए सबका अभिमान।

शिव को जिसने मन से पुकारा, भोले आए उनके पास,

काल को भी झुकना पड़ा, हटाना पड़ा मार्कण्डेय जी से मृत्युपास।

कहीं आशेश्वर कहीं बटेश्वर,कहीं पीपलेश्वर बन गए,

कहीं रामेश्वर कहीं घुश्मेश्वर,तो कहीं जगत विश्ववर बन गए।

शिव जहाँ जहाँ गए, वही के होकर रह गए,
जिसने जिसने पूजा उनको, नाम उनके ले बस गए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आपातकाल: आधी रात जब छिन गए थे जनता के सारे अधिकार




इंदिरा गांधी की सरकार ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया, मीडिया की आजादी छीन ली, लोगों के मौलिक अधिकारों को रौंदा, मानवाधिकारों का उल्लंघन किया और आम नागरिकों को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और हत्या तक की गई। 50 वर्ष पूर्व 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन देश में आपातकाल की घोषणा कर दी। पूरा देश इस फैसले से भौंचक रह गया। भारतीय इतिहास में लोकतंत्र का काला दिन था। आपातकाल लगाया गया, जो मार्च 1977 तक चला। इस दौरान भारत में लोकतंत्र लगभग खत्म कर दिया गया और एक तानाशाही शासन की शुरूआत इस दौरान नागरिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हुआ था। इंदिरा गांधी की सरकार ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया, मीडिया की आजादी छीन ली, लोगों के मौलिक अधिकारों को रौंदा, मानवाधिकारों का उल्लंघन किया और आम नागरिकों को बेरहमी से प्रताड़ित किया गया और हत्या तक की गई। इस दौर में संविधान को भी कमजोर किया गया। हालांकि, आपातकाल का हर पहलू चौंकाने वाला था, लेकिन खासकर छात्रों पर किए गए अत्याचार बेहद निंदनीय थे।

सब कुछ सिर्फ एक परिवार की तानाशाही को बरकरार रखने के लिए। पहली बार ऐसा मौका था जब देश में अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल की घोषणा की गई थी। लोगों को आपातकाल के मतलब भी नहीं पता था। आपातकाल की घोषणा के साथ ही आम जनता के सभी मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे। किसी तरह की अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही नहीं, लोगों के पास जीवन का अधिकार भी नहीं रह गया था। आम जनता, मीडिया समूह, रेडियो, और अन्य प्रचार के माध्यमों पर पूरी पाबंदी लगा दी गई थी। आपातकाल की घोषणा के कुछ घंटे के भीतर की प्रमुख समाचार पत्रों के कार्यालयों में बिजली की आपूर्ति काट दी गई थी। आपातकाल की सूचना के बाद से ही देश में ढूंढ-ढूंढ कर विपक्ष के नेताओं की गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो गया था। तत्कालीन समय के बड़े नेता जयप्रकाश नारायण, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, जॉर्ज फर्नांडिस को जेल में डाल दिया गया। विपक्षी नेताओं के साथ साथ समाज में प्रभाव रखने वाले कांग्रेस के विपरीत विचारधारा वाले सभी लोगों और आम जनता में बेगुनाहों को भी जेल में भर दिया गया था, जेलों में जगह नहीं बची थी। करीब 1,40,000 लोगों आपातकाल में बिना किसी सुनवाई के राजनीतिक बंदी बनाया गया। इसमें कोई दो राय नहीं है कि आपातकाल के दौरान पूरे देश का नियंत्रण गांधी-नेहरू परिवार के हाथ में था। कांग्रेस ने आपातकाल की आड़ में वो सभी काम किए जो ना सिर्फ राजनीतिक लिहाज से अशोभनीय थे बल्कि अमानवीय भी थे। प्रेस में सरकार या आपातकाल की आलोचना करना अपराध की श्रेणी में आ चुका था। प्रेस-मीडिया पर भी सेंसरशिप लगा दी गई थी। हर अखबार में सेंसर अधिकारी तैनात किया गया था। हालात यह थे कि कांग्रेस समर्थित उस अधिकारी के अनुमति के बाद ही कोई समाचार छप सकता था। सरकार विरोधी समाचार छापने पर बिना किसी सुनवाई के गिरफ्तारी हो रही थी। यही नहीं, कांग्रेस का विरोध करने वाले 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय विचार और भारतीयता के लिए काम करने वाले संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई। संजय गांधी की सनक के चलते सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलनकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। 21 महीने के बाद जयप्रकाश का आंदोलन निर्णायक मुकाम तक जा पहुंचा। इंदिरा गांधी को सिंहासन छोड़ना पड़ा। मोरारजी देसाई की सरकार ने 28 मई 1977 में आपातकाल के दौरान हुए ज्यादतियों को जानने के लिए जस्टिस जे सी शाह की अध्यक्षता में शाह कमीशन गठित किया। शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया था कि जिस वक्त आपातकाल की घोषणा की गई उस वक्त ना देश में आर्थिक हालात खराब थे और ना ही कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोई अड़चन थी।

इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल अपनी इच्छा के अनुसार लगाया था और इस संबंध में उन्होंने अपने पार्टी के कुछ लोगों को छोड़कर किसी भी सहयोगी से कोई विमर्श नहीं किया था। आपातकाल में गिरफ्तार किए गए अधिकतर सम्मानित और बुजुर्ग नेताओं को चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता थी, जो उन्हें अस्पताल में मौजूद नहीं कराई गई। इंदिरा गांधी की तानाशाही का एक नमूना इस बात से भी पता चलता है कि शाह आयोग ने नसबंदी कार्यक्रम पर सरकार के रवैए की बेहद आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि पटरी पर रहने वाले और भिखारियों की जबरदस्ती नसबंदी की गई इसके साथ-ऑटो रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए नसबंदी सर्टिफिकेट दिखाना अनिवार्य कर दिया गया था। आयोग ने यह स्पष्ट रूप से माना था कि सरकारी तंत्र का उपयोग कर कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए इस पूरे आपातकाल का इस्तेमाल किया गया। जनवरी 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह स्वीकार किया कि वर्ष 1975 में आपातकाल के समय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ था। तत्कालीन अटॉर्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। आपातकाल के दौरान प्रेस की स्थिति को लेकर एक श्वेत पत्र 1 अगस्त 1977 में संसद में पेश किया गया। सत्या सी पेज के श्वेत पत्र से यह स्पष्ट हुआ कि तानाशाही की इच्छा रखने वाली इंदिरा गांधी ने अपनी अध्यक्षता में तय किया था कि प्रेस काउंसिल को भंग कर दिया जाए और तत्कालीन चारों समाचार एजेंसियों को मिलाकर एक कर दिया जाए, जिससे उन्हें सेंसर करने और संभालने में आसानी होगी। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के जो नेता पिछले कुछ समय अक्सर लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हैं। संसद से सड़क तक वे संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, उन्हें याद दिलाना जरूरी है कि उनकी पार्टी के नेता ने दादागिरी करके इस देश पर 21 महीने आपातकाल लगाकर लोगों को जेल में ठूंस दिया था। असल में, 1975 में लगाया हुआ आपातकाल इंदिरा गांधी की गलती नहीं थी, बल्कि इंदिरा गांधी का ₹अहंकार₹ था। दिसंबर 2024 को सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल का उल्लेख किया और कहा, ह्यह्यदुनिया में जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो कांग्रेस के माथे से कभी यह कलंक मिट नहीं सकेगा क्योंकि लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था। भारतीय संविधान निमार्ताओं की तपस्या को मिट्टी में मिलाने की कोशिश की गई थी।

# मां बनने में मुश्किलें पैदा कर सकती हैं आपकी ये आदतें



अगर आपकी डाइट सही नहीं है और लाइफस्टाइल भी अनहेल्दी है, तो इसका सीधा असर आपकी एग क्वालिटी और फर्टिलिटी पर होता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे दूर रहने से आपके लिए मां बनने की राह आसान होगी। कई महिलाओं को कंसीव करने में काफी मुश्किलें आती हैं। लंबे समय से ट्राई करने के बाद भी मां बनना मुश्किल हो जाता है। वहीं कई बार पीरियड्स और ओव्युलेशन डेज ट्रैक करने के बाद भी प्रेग्नेंट होना भी टेढ़ी खीर बन जाता है। यदि आपके साथ भी ऐसा हो रहा है, तो इसके पीछे आपकी कुछ आदतें जिम्मेदार हो सकती है। प्रेग्नेंट होने के लिए लाइफस्टाइल और खानपान से जुड़े हेल्दी आदतों को अपनाना जरूरी है। अगर आपकी डाइट सही नहीं है और लाइफस्टाइल भी अनहेल्दी है, तो इसका सीधा असर आपकी एग क्वालिटी और फर्टिलिटी पर होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे दूर रहने से आपके लिए मां बनने की राह आसान होगी।

## फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचा रही हैं ये आदतें

- अगर आप डाइट में प्रोटीन कम मात्रा में ले रही हैं, तो फर्टिलिटी पर इसका असर होता है। जिसके कारण इंसुलिन सेंसिटिविटी पर असर होता है। वहीं एग और स्पर्म दोनों की क्वालिटी प्रभावित हो सकती है। इसलिए फर्टिलिटी सुधारने के लिए महिला और पुरुष दोनों को ही प्रोटीन रिच डाइट लेनी चाहिए।
- बहुत ज्यादा प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन भी फर्टिलिटी पर असर डालता है। क्योंकि प्रोसेस्ड फूड्स में शुगर और ट्रांस फैट की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे शरीर में इंफ्लेमेशन बढ़ सकती है।
- वहीं यदि आप सोने से पहले फोन का बहुत अधिक इस्तेमाल करती हैं, तो इसकी वजह से बॉडी में हैप्पी हार्मोन मेलोटोनिन कम होने लगता है। इसके कारण मेंस्ट्रुअल साइकिल पर असर होता है।
- वहीं योग और एक्सरसाइज न करने और लंबे समय तक बैठे रहने पर भी इसका असर आपकी फर्टिलिटी पर होता है। इससे बॉडी में हार्मोनल इंबैलेंस होता है और ओव्युलेशन पर भी असर होता है।
- शारीरिक रूप से एक्टिव न होने की वजह से एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन के लेवल पर इसका असर पड़ता है। जिसकी वजह से कंसीव करने में मुश्किल होती है।
- अगर आप लंबे समय से स्ट्रेस में है, तब भी कंसीव करने में समस्या आ सकती है। इसकी वजह से एग क्वालिटी खराब हो सकती है और पीरियड्स में भी अनियमितता हो जाते हैं।
- इमोशनल ईटिंग भी बॉडी में एंड्रोजन और एस्ट्रोजन को प्रभावित करता है। इसकी वजह से भी महिलाओं को प्रेग्नेंट होना मुश्किल हो जाता है।
- प्लास्टिक के बर्तन में खाना खाने या फिर इसमें सामान स्टोर करती हैं। तो प्लास्टिक में मौजूद केमिकल्स भी एंड्रोकाइन सिस्टम डिस्टर्ब होता है। जिससे प्रेग्नेंट होना मुश्किल हो सकता है।
- अगर बिजी लाइफस्टाइल में रेडी टू ईट मील्स को अपना दोस्त बना चुकी हैं, तो इसका असर भी आपकी फर्टिलिटी पर हो सकता है। यह प्रिजर्वेटिव, सोडियम और अनहेल्दी फैट्स के भरे होते हैं, जोकि आपके शरीर में स्ट्रेस को बढ़ा सकते हैं।
- जो लोग अधिक कैफीन का सेवन करने से उनकी शरीर में भी कोर्टिसोल लेवल पर असर होता है और रिप्रोडक्टिव ऑर्गन्स में ब्लड फ्लो को कम कर सकता है।


# देहरादून में करना चाहते कुछ तूफानी तो जरूर एक्सप्लोर करें ये जगहें, जमकर कर सकेंगे मस्ती

अगर आप देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। देहरादून एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको खूबसूरत हिल स्टेशन मिलेंगे। यहां से हरिद्वार, ऋषिकेश, मसूरी और धनोल्टी जैसी कई जगहों पर आप जा सकते हैं। वहीं अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं। वहीं कुछ देहरादून में ऐसी जगहों की तलाश करना चाहते हैं, जहां पर कुछ अच्छी एक्टिविटी कर सकें। अगर आप भी देहरादून में कुछ तूफानी करना चाहते हैं, तो आपको आसपास के हिल स्टेशन पर घूमने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देहरादून की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**रॉबर्स केव देहरादून:** देहरादून की यह आपको काफी रोमांचक लगेगी। क्योंकि इसकी बनावट लोगों को आकर्षित करती है। जिन लोगों ने पहले कभी गुफा वाली जगहों पर प्रवेश नहीं किया है, उनके लिए यह एडवेंचर्स साबित हो सकता है। क्योंकि यहां पर आपको पैदल जाना होगा। पैरों में पानी होता है और मछलियां आपके पैरों को छूती हैं। हालांकि शुरूआत में आपको गुफा में चलने में थोड़ा डर लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अंदर जाते ही नॉर्मल लगने लगेगा। प्रयास करें कि आप सुबह-सुबह पहुंचें, क्योंकि यहां पर बहुत भीड़ लगती है। यह मसूरी के पास घूमने लायक अच्छी जगहों में से एक है।

**रॉक क्लाइबिंग:** अगर आप कुछ तूफानी करना चाहते हैं और बिना किसी सहारे के पेड़ पर चढ़ना चाहते हैं। तो आपको देहरादून में रॉक क्लाइंबिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यह सालन गांव में रॉक क्लाइबिंग करवाई जाती है। जहां पर आपको हर दिन भीड़ देखने को मिलेगी। आप यहां पर कैंपिंग के साथ कई तरह की एक्टिविटी भी कर सकते हैं। वहीं आप यहां पर पैकेज भी बुक कर सकते हैं और पूरा रात टेंट में बिता सकते हैं। इस दौरान आपको मिट्टी के बर्तन में खाना बनाना होगा और पूरी लाइफ कैंप की तरह जीना होगा। यह आपके लिए एक रोमांचक अनुभव हो सकता है।

**मालसी डियर पार्क:** अगर आप देहरादून में कुछ रोमांचक करना चाहते हैं, तो मालसी डियर पार्क जा सकते हैं। क्योंकि यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। आप यहां पर जिप लाइनिंग और तरह-तरह की एक्टिविटी भी कर सकेंगे। बच्चों को भी यहां पर एक्टिविटी करवाई जाती है। वहीं अगर आप छोटा ट्रिप प्लान कर रही हैं, तो आपको यहां पर आपको भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। यह देहरादून के पास घूमने वाली बेस्ट जगहों में से एक है।



# प्रगतिशील रसोईया संगठन की एक आवश्यक बैठक

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



मोहल्ला मीठा शहीद किरतपुर उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा कामरेड शमशाद हुसैन के निवास स्थान पर संपन्न हुई बैठक में संगठन को मजबूत करने और रसोइयों को उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए जिले में लगातार उनकी बैठकर की जाएगी क्योंकि जिले के अंदर कुछ महिलाएं एक व्यक्ति जो अपने को रसोईया संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताता है उसके लिए गांव-गांव में घूम कर रसोइयों से ?200 उन्हें नियमित करने के नाम पर कोर्ट में कैस करने और ?500 प्रीति रसोईया वसूले जा रहे हैं इस भ्रष्टाचार पर जिला प्रशासन से रोक लगाने रसोइयों का आर्थिक शोषण रोकने के लिए प्रगतिशील रसोईया संगठन ने पूरे जिले में बैठकर कर रसोइयों को सावधान करने का निर्णय लिया सभी रसोइयों को नियमित कर 26000 रुपए न्यूनतम वेतन देने जो प्रदेश सरकार 5000 विद्यालयों को बंद करने जा रही है उन्हें बंद न करने आंगनबाड़ी के बच्चों का जो खाना रसोइयों के द्वारा बनाया जाता है 1 साल से उसका पैसा नहीं मिला है वह पैसा दिलाने रसोइयों का 5 माह का रुका मानदेय तुरंत प्रदेश सरकार से देने की मांग की गई बहुत जल्द रसोइयों का जिला सम्मेलन बुलाया जाएगा और जो दलाल रसोइयों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं उनसे पैसा वसूल रहे हैं उनसे सावधान होने और अपने अधिकारों के लिए रसोइयों को जागरूक किया जाएगा रसोइयों को मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर आशीष मित्तल उत्तर प्रदेश राज्य कमेटी सदस्य सुरेश कुमार पूनम दीपिका वंदना ममता चंद्रकला अनु रानी कुसुम सरोज शबनम नूरी जमीरन पुष्पा देवी मालती कमर जहां शीला अनीता सरोज आदि ने भाग लिया वंदना उर्मिला नूरी शबनम ममता बबीता मालती को कमेटी का सदस्य बनाया गया और वंदना को ब्लॉक किरतपुर प्रगतिशील रसोईया संगठन की अध्यक्ष नियुक्त किया गया

# सीबीएसई की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में चल रही सीबीएसई की दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह कार्यशाला सीबीएसई द्वारा ₹आकलन और मूल्यांकन प्रक्रियाओं को मजबूत करना₹ विषय पर आयोजित की गई थी, जिसमें जनपद के करीब 13 स्कूलों के 62 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला का शुभारंभ सीबीएसई द्वारा नियुक्त कार्यशाला रिसोर्स पर्सन डॉ प्रशांत कुमार एवं अनिल गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता, उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल में आयोजित कार्यशाला में आकलन और मूल्यांकन प्रक्रियाओं को मजबूत करना इस विषय पर अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से हम आकलन और मूल्यांकन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत कर सकते हैं। इसके साथ ही शिक्षण कार्य को और अधिक सुगम व सहज बना सकते हैं।सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शिक्षण कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के विषय में एक दूसरे से विस्तार से चर्चा करते हुए इसके समाधान हेतु अपने- अपने अनुभव एक दूसरे के साथ साझा किए। इसके अलावा शिक्षक शिक्षिकाओं को ऐसा प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायता मिल सके। उन्होंने शिक्षकों तथा बच्चों की क्षमता के विकास के संबंध में शिक्षण कार्य के विषय में अवगत कराया। कार्यशाला में मूल्यांकन और आकलन की विधियों में विस्तार से चर्चा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह व पौधा भेंट कर सम्मानित किया। स्वाति यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चंचल कटारिया, नीरज त्यागी, अनुराग शर्मा, वीरेंद्र सिंह, संजीव डबास, रंजना चौहान, शैलेंद्र कौर, अलका चौहान, मोनिका राजपूत, कुसुम लता, रीता त्यागी, रीना रानी, दिव्या कौशिक आदि ने प्रतिभाग किया।

# भाजपाईयो ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मण्डल के कार्यकताओं ने मण्डल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, महामंत्री वीरप्रकाश सिंह, सुधीर चौहान, मंडल मंत्री राहुल यादव, मण्डल उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रमोहन चौहान, प्रेमपाल रवि, गुरवेन्द्र सिंह, मण्डल मन्त्री सुरेन्द्रपाल, विनोद वाल्मीकि, प्रदीप राणा, भाजपा नेता जुगनु चौधरी, डॉ शीला राणा, सरौता सिसोदिया, अनिकेत घाघट आदी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# व्यापारी कल्याण दिवस पर शिव कुमार माहेश्वरी व्यापारी रत्न सम्मान से हुए सम्मानित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार द्वारा दानवीर सेठ भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस पर व्यापारी नेता शिव कुमार माहेश्वरी को सम्मानित करने का कार्य किया गया। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर के पदाधिकारीगण शिव कुमार माहेश्वरी के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होंने शिव कुमार माहेश्वरी को अंग वस्त्र पहनाकर, प्रतीक चिन्ह एवं व्यापारी रत्न सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। बता दें कि शिव कुमार माहेश्वरी काफी लंबे समय से व्यापारी नेता के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने व्यापारी हितों के लिए अनेकों कार्य किए हैं और आज भी हमेशा ही व्यापारी हितों के लिए तत्पर रहते हैं। व्यापारियों के सुख - दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। मौजूदा में वह उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय मंत्री हैं। इसके अतिरिक्त वह माहेश्वरी सभा जनपद बिजनौर के भी जिला अध्यक्ष हैं। शिवकुमार माहेश्वरी ने इस मान सम्मान के लिए अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, जनपद बिजनौर परिवार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान मुझे और मजबूती से आगे भी व्यापारी हितों के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। जिला अध्यक्ष अभिनव एडवोकेट ने दानवीर सेठ भामाशाह के जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्रदीप डेजी माहेश्वरी के संचालन आयोजित सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, माहेश्वरी महासभा मंत्री आशीष तोषनीवाल, रजत अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, आयुष बंसल, चित्रांश अग्रवाल, अनमोल गुप्ता आदि रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क, एसडीएम और सीओ ने किया रूट का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर/बुलंदशहर/** श्रावण मास में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर तहसील प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के बाद जिलेभर में अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में शिकारपुर और जहांगीराबाद को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग का आज एसडीएम शिकारपुर दीपक कुमार पाल और सीओ शिकारपुर मधुप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मार्ग की स्थिति का जायजा लिया और कई आवश्यक निर्देश भी जारी किए। एसडीएम दीपक कुमार पाल ने बताया कि सड़क पर पड़े गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द भरने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को पत्र लिखा गया है। इसके साथ ही, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को ऊँचा करने के निर्देश भी बिजली विभाग को दिए गए हैं। इस दौरान सीओ शिकारपुर के साथ शिकारपुर कोतवाली प्रभारी चंदगीराम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन का यह निरीक्षण कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शिकारपुर-जहांगीराबाद मार्ग और अनूपशहर मार्ग की तस्वीरें भी इस बात की गवाही देती हैं कि प्रशासनिक की तैयारी जोरों पर है। वही एसडीएम शिकारपुर दीपक कुमार पाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निदेर्शों के अनुसार हमारी पूरी टीम सक्रिय है।

# तीन घरो में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नांगल सोती ।** क्षेत्र में बीती रात तीन घरों में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, चोरों ने मोटरसाइकिल सहित कानों के कुंडल आदि चीजों पर किया हाथ सफा नांगलसोती थाना क्षेत्र के गांव महमसापुर में बीती रात लगभग 1-00 चोरों ने तीन घरों में चोरी की स्वाति पत्नी मोहित, कोमल पत्ती सुरेंद्र के कानों से चोरो ने कुंडल खींचकर फरार हो गए, वहीं जगदीश पुत्र रामू के घर में ताला तोड़कर चोरों ने मोटरसाइकिल चुरा ली मामले की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी संजीव बाजपेई क्षेत्राधिकार नितेश प्रताप सिंह व नांगल थाना प्रभारी सुशील सैनी मौके पर पहुंचे और गांव वालों से चोरी की जानकारी ली तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच करनी शुरू कर दी चोरों के इतने हौसले बुलंद है कि प्रशासन का चोरों को कोई भी खौफ नहीं है। जनता अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं रही। एसपी सिटी संजीव बाजपेई ने कहा है चोरी की घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

**क्षेत्र में पहले हुई चोरियों का भी पुलिस नहीं कर पाई खुलासा:** पहले भी क्षेत्र में दो माह पुर्व पुंडरी कला में चोरी हुई जिसका अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी खलासा नहीं हुआ समय-समय पर क्षेत्र में चोरी होती रही पर पुलिस ने किसी भी चोरी का खुलासा नहीं किया ।

# हांसी कष्ट निवारण समिति में महिलाओं की अनदेखी की गई , नए सदस्यों को प्राथमिकता

**वेलकम इंडिया**

**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** हरियाणा में मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने पिछले दिनों जिला कष्ट निवारण समिति का पुनर्गठन किया गया है । भाजपा संगठन हांसी जिला में एक दर्जन से ज्यादा वर्करों को सदस्य बनाए गए मगर पार्टी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत पद की घोषणा की हुई ।मगर उन्हे नाममात्र स्थान दिया गया । हांसी से एक दर्जन सदस्यों में से किसी भी महिला का नाम न होने से पार्टी के महिलाओं के प्रति दावों की पोल खोल रही है । वे पार्टी संगठन व अन्य कार्यक्रमों में बड़चढ़ कर हिस्सा लेती है मगर जिला कष्ट निवारण समिति में उन्हे कोई स्थान नही मिलता है । नारनौंद से जिला महिला मोर्चा की अध्यक्षा नीलम जागड़ा व खेडी जालब से मीना शर्मा का नाम हिसार कष्ट निवारण समिति का नाम भी है ।

भारतीय जनता पार्टी हांसी द्वारा आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह के मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ के कार्यक्रम में महिलाओं की संख्या काफी अच्छी थी । हांसी से भाजपा के महामन्त्री एडवोकेट धर्मवीर रेतरिया को दूसरी बार नियुक्त किया गया है ।वे सामाजिक संस्था लोकहित मंच के अध्यक्ष के अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों में बड़चढ़ कर हिस्सा लेता है ।

# गुप्त नवरात्र में ग्रहों की पीड़ा होगी दूर, जानिए देवी के किस रूप की करनी है पूजा: ज्योतिष कावेरी मुखर्जी

**वेलकम इंडिया**



आषाढ़ गुप्त नवरात्र आज गुरुवार 26 जून 2025 से शुरू हो चुके हैं। साल में आने वाले दो गुप्त नवरात्र के मौके गुप्त साधना के लिए होते हैं। चैत्र और शारदीय नवरात्र से उलट इन गुप्त नवरात्रों में साधन गुप्त रूप से मां की साधना करते हैं। नवरात्र के दौरान मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करके ग्रहों की पीड़ा को कम किया जा सकता है। हर दिन की देवी पूजा के साथ-साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ, नवार्ण मंत्र का जाप और कुछ विशेष उपाय करने से ग्रहों की पीड़ा से शांति मिलती है। आप जिस ग्रह की पीड़ा से परेशान चल रहे हैं, उस ग्रह से संबंधित मां के स्वरूप की आराधना करने से आपको लाभ मिलेगा। हालांकि, आपको किसी योग्य ज्योतिषी से भी ज्योतिषीय परामर्श लेना चाहिए। उनके बताए उपायों को करने से जल्द लाभ मिलेगा। आइए जानते हैं ज्योतिष कावेरी मुखर्जी जी से की ग्रहों की शांति के लिए नवरात्र के दौरान क्या उपाय करने चाहिए।

विभिन्न ग्रहों के लिए देवियों की पूजा

नवरात्र के आज पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा करें।

यदि आप बृहस्पति ग्रह से पीड़ित हो रहे हैं, तो नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा करें।

यदि आप शनि ग्रह से पीड़ित हो रहे हैं, तो नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा करें।

यदि आप राहु ग्रह से पीड़ित हो रहे हैं, तो नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा करें।

यदि आप केतु ग्रह से पीड़ित हो रहे हैं, तो नवरात्र के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा करें।

राहु-केतु की पीड़ा से बचने के लिए मां ब्रह्मचारिणी और मां चंद्रघंटा की पूजा भी सहायक होती है।

नवार्ण मंत्र का जाप

₹ऐं क्लीं चामुंडायै विच्चे मंत्र का नियमित रूप से जाप करने से ग्रहों के अशुभ प्रभाव को कम किया जा सकता है। इस मंत्र के प्रत्येक अक्षर से एक ग्रह जुड़ा हुआ है। रोजाना आपको विषम संख्या जैसे 1, 3, 5 या 7 माला का जाप करना चाहिए।

# डॉ सोहित चौधरी के पुत्र को नामचीन हस्तियों ने दिया आशीर्वाद

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** बिजनौर- नूरपुर रोड स्थित निकट आरवीआईटी कॉलेज अंबर फार्म हाउस में डॉक्टर सोहित चौधरी के पुत्र का जस्टोन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के नामचीन हस्तियो ने पहुंच कर बच्चे को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुभाष वाल्मिक, विधायक स्वामी ओम वेस, नगर पंचायत झालू के चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, अध्यक्ष बिजनौर डॉ बीरबल सिंह, सांसद चंदन चौहान के भाई सिद्धार्थ चौहान, रालोद प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, भाजपा नेता प्रिंस चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख रवि धारीवाल, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल मुकुल अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य उदयपाल सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख बबलू चौधरी, क्षेत्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोक दल चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट, हल्दौर ब्लाक प्रमुख विजेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष चांदपुर चौधरी विजयपाल सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख कुलबीर सिंह, उत्तर प्रदेश आयोग के सदस्य नरेंद्र खंडूरी, संजीव चौधरी (लज्जावती पेट्रोल पंप वाले), डॉ मोहम्मद अली, वरिष्ठ पत्रकार नितिन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सरदार सतवेन्दर सिंह गुजराल, वरिष्ठ पत्रकार अर्पित त्यागी आदि रहे।

# एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हीमपुर पृथ्या में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अभियान में पूर्व परिवहन मंत्री एवं वर्तमान एमएलसी अशोक कटारिया ने अपने गांववासियों को एक हजार फलदार एवं छायादार पौधे भेंट किए साथ ही गांववासियों एवं बुद्धिजीवी नागरिकों के साथ मिलकर बड़ी संख्या में फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए, साथ ही पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया। इससे पूर्व एमएलसी अशोक कटारिया ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान दिवस पर याद करते हुए देश के प्रति उनके योगदान की विस्तार से चर्चा की। इसके बाद विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी गांववासियों से अपील करते हुए कहा कि वह एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अन्य लोगों को भी इस अभियान के साथ-साथ पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक करें। ताकि हम आने वाली पीढियां के लिए स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सके। हमारे जीवन पर वृक्षों के प्रभाव के विषय में अवगत कराते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ - पौधों की आवश्यकता होती है। लगातार होते वृक्ष कटान को देखते हुए ₹एक पेड़ मां के नाम₹ यह मुहिम काफी आवश्यक है। सभी को एकजुट होकर इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। पौधों के बिना जीवन असंभव है। हमें उनकी देखभाल संतान के रूप में करनी चाहिए। पेड़ पौधों से ही हमें प्राण वायु प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना अपनी दैनिक दिनचर्या में शुमार करें। सुविधानुसार जब भी अवसर मिले एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित रूप से देखभाल करें। पौधे हमें ऑक्सीजन देकर जीवन देने के साथ-साथ हमारी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए जागरूक किया गया। जिस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है और पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, इसे दूर करने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करें। इस अवसर पर शिक्षक चंचल कटारिया, सरदार सिंह, राजवीर सिंह चौहान, विनय चौहान, विपुल कटारिया, रामपाल सिंह, सत्यवीर सिंह चौहान, ईश्वर सिंह, जबर सिंह, अरविंद कुमार, अमित कुमार, पंकज कटारिया, वरुण कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, यशवीर सिंह, संकित कटारिया, गनपत सिंह आदि ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भाग लिया।

# नाम,रूप, लीला, धाम के अनन्य उपासक थे श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज : महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** पत्थरपुरा स्थित श्रीगोपालजी मन्दिर (श्री माध्वगौड़ेश्वर आश्रम) में चल रहे अनन्तश्री विभूषित श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज के 19वें त्रिदिवसीय वार्षिक तिरोभाव महोत्सव के दूसरे दिन वृहद सन्त विद्वत सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ।जिसमें अपने विचार व्यक्त करते हुए पीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज व महामंडलेश्वर स्वामी चित्तप्रकाशानंद महाराज ने कहा कि श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज गौडीय सम्प्रदाय के अनमोल रत्न थे। उन्होंने अपने सम्प्रदाय का संवर्धन करने के लिए अनेकों ठोस कार्य किए।जिस पर गौडीय सम्प्रदाय सदैव गर्व की अनुभूति करता रहेगा।

अध्यक्षता करते हुए चतुः संप्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज व महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सत्यानंद सरस्वती महाराज (अधिकारी गुरूजी) ने कहा कि श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज नाम निष्ठ व धाम निष्ठ संत थे।उनके सहज, सरल, उदार व परोपकारी व्यतित्व के लिए सभी संप्रदायों के संत उनका सम्मान करते थे। श्रीउमाशक्ति पीठाधीश्वर स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज व प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज परम भजनानंदी, वीतरागी व निस्पृह संत थे।वे अपनी मात्र ढाई वर्ष की अवस्था में ही श्रीधाम वृन्दावन आ गए थे।यहां उन्होंने अपनी सौ वर्ष की अवस्था तक अखण्ड वास करते हुए असंख्य व्यक्तियों का कल्याण कर उन्हें प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़ा। महामंडलेश्वर सच्चिदानंद दास शास्त्री महाराज व घमंडदेवाचार्य पीठ के अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी वेणुगोपाल दास महाराज ने कहा कि श्रीमहंत अच्युतानंद दास महाराज नाम,रूप, लीला, धाम के अनन्य उपासक थे।उन्होंने अपनी साधना की शक्ति से कई बार ठाकुरजी की निकुंज लीलाओं का दर्शन किया। सन्त विद्वत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, जानकी भवन के अध्यक्ष श्रीमहंत रामदास महाराज, आचार्य रामदेव चतुर्वेदी, महंत सुंदरदास महाराज, आचार्य गोपाल भैया, डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा, मुनेश कुमार शर्मा (राम गुरु), महंत मधुमंगल शरण शुक्ल, महंत लाड़िली दास महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, स्वामी ब्रज गोपाल दास महाराज(कोतवाल), स्वामी उमेश्वरानंद महाराज, भगवान दास चौधरी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने किया।श्रीगोपालजी मन्दिर (श्री माध्वगौड़ेश्वर आश्रम) के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने सभी आगंतुक संतों-विद्वानों को माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र व प्रसाद भेंट कर स्वागत किया। महोत्सव के अंतर्गत ठाकुर श्रीगोपालजी महाराज का भव्य व दिव्य फूल बंगला सजाया गया।

# नीलांस वाटर पार्क के प्रबंध निदेशक ने सीपी से तिरंगा के खिलाफ ब्लैक मेल कर धन उगी का आरोप लगाते हुए की शिकायत

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** लखनऊ स्थित नीलांस वाटर पार्क के प्रबंध निदेशक नीलांस ग्रुप सतीश श्रीवास्तव ने पुलिस आयुक्त लखनऊ से दीपक शुक्ला व तिरंगा महाराज के विरुद्ध व्यवसायियों,किसानों व ठेकेदारों को ब्लैकमेल व धन उगी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

सतीश श्रीवास्तव ने पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि नीलांश ग्रुप व उसके निदेशकों पर अधिकारियों व राजनेताओं को लड़ ?कियां सप्लाई करना, ऐयाशी का अड्डा चलाना, भू-माफिया, देश द्रोही होना, ड्रग्स की सप्लाई करना, मानव तस्करी करना, नीलांश में अधिकारियों व राजनेताओं का काला धन लगा होना, ग्राम समाज की जमीनों का तहसील से नक्शा बदलवाकर कब्जा करता. भ्रष्ट पुलिस व प्रशासन से मिली भगत कर जमीनों का कब्जा करना, स्थानीय विधायक के साथ मिलकर धन का बैटवारा करना, जैसे तमाम मनगढ़त वेबुनियाद आरोप अपने सोशल मीडिया की अनेकों आईडी के माध्यम से लगातार कई वर्षों से लगाया जा रहा है जिसके सारे प्रमाण मौजूद हैं।साथ ही यह भी आरोप लगाया कि माल क्षेत्र के ग्राम-टिकरी कला व बदैया,के किसानों को प्रलोभन देकर नीलांश ग्रुप के द्वारा पूर्व में खरीदी जा चुकी जमीनों पर किसानों को फर्जी खतौनी के आधार पर लोन दिलाकर पैसे का बंटवारा किया जा रहा है और फिर उन्हीं किसानों को ब्लैकमेल कर उनसे धन की वसूली की जा रही है किसानों के बयान की वीडियों व उनके नोटराइज एफीडेविट मौजूद हैं।किसानों को प्रलोभन देकर पहले नीलांश ने उनकी जन्नीन कब्जा कर ली इसके फर्जी बयान की वीडियों, खतोनी की कांपी, के साथ धनवसूली के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से कई आई डी के माध्यम से सोशल मीडिया पर प्रचारित व प्रसारित किया जाता है। धनवसूली न मिल पाने पर नीलांश पर फर्जी किसानों द्वारा नीलांश पर मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है फर्जी किसानों के सभी मुकदमे कोर्ट द्वारा गम्भीर टिप्पणी के साथ खारिज कर दिये जाते है। जिसके प्रमाण उपलब्ध हैं।इन आरोपों सहित कुल सात गंभीर आरोप लगाए हुए प्रबंध निदेशक नीलांस ग्रुप सतीश श्रीवास्तव ने शिकायत दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

# गर्भवती महिला व बच्चों की पोषण में सुधार करने की ऑगनवाड़ी कार्यकत्री की अहम भूमिका होती है: दीप्ती



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान लखावटी में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण समापन के अवसर पर रविवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री दीप्ती त्रिपाठी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार करने में ऑगनवाड़ी कार्यकत्री की अहम भूमिका होती है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में 42 प्रतिभागियों में से 39 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान लखावटी में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री दीप्ती त्रिपाठी ने कहा कि गर्भवती महिला, धात्री मां एवं बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार करने में आंगनवाड़ी कार्यकत्री की भूमिका होती है। बच्चों के संवार्गीण विकास को बढावा देने ऑगनवाडी केन्द्र पर ऑगनवाडी कार्यकत्रियों द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियॉ भी महत्वपूर्ण हैं।सत्र प्रभारी अनुदेशक हरि कृष्ण गुप्ता ने बताया गया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑगनवाडी सहायिका से ऑगनवाडी कार्यकत्री के पद पर प्रोन्नत ऑगनवाडी कार्यकत्रियों के ज्ञान व कौशल में वृद्धि करने एवं उनकी सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# आपसी सहमति से बंटवारा कर दोनों भाइयों को मिली राहत

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजना में आयोजित शिविर में वर्षों पुराने भूमि विवाद का समाधान कर दो भाइयों को बड़ा सुकून मिला। ग्राम कसियापुरा निवासी मायाराम और हाकिम, पुत्र देवजीत, पिछले करीब 19 वर्षों से अपनी पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर उलझन में थे। आपसी सहमति बनने के बावजूद प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था और कानूनी अड़चनों से उनका काम रुक गया था। शिविर के दौरान दोनों भाइयों ने अपनी समस्या कैंप प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा वर्षा मीणा के समक्ष रखी। उपखंड अधिकारी ने तुरंत तहसीलदार राजाखेड़ा को मौके पर आपसी सहमति के आधार पर विभाजन करने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने भू-अभिलेख निरीक्षक और हल्का पटवारी की मदद से मौके पर ही पूरी जांच और सहमति लेकर विभाजन तैयार करवाया, और तुरंत उसे स्वीकृत भी कर दिया गया। हल्का पटवारी ने स्वीकृत विभाजन को ऑनलाइन दर्ज किया और उसकी प्रति भी शिविर में ही दोनों भाइयों को सौंप दी। 19 वर्षों से चले आ रहे विवाद का एक ही दिन में निपटारा होते देख दोनों भाइयों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बरसों से जमीन का मामला अटका था, आज एक दिन में हल हो गया, अब दिल भी हल्का हो गया, मायाराम, लाभार्थी- दोनों भाइयों ने सम्पूर्ण जिला प्रशासन और राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ऐसे शिविर ग्रामीणों को पारदर्शी और त्वरित समाधान देकर न सिर्फ कानूनी उलझनों से मुक्ति दिला रहे हैं, बल्कि पारिवारिक सौहार्द को भी मजबूती दे रहे हैं।

# बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई,एक की मौत, दूसरा घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम बाईपास मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है अस्पताल ले जाते समय एक युवक की मौत हो गई परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।सदर कोतवाली क्षेत्र के गाव लीलोन निवासी विपिन पुत्र पाला व रवि पुत्र धर्मपाल सोनीपत जनपद के कस्बा कुंडली की एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। शनिवार की देर शाम दोनों युवक अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव में आ रहे थे बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के कस्बा एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचे तो बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस को दी सूचना पर एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल दोनों युवकों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# पुष्पेंद्र जाटव को समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव किया मनोनीत



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से पुष्पेन्द्र जाटव निवासी- सुशीला विहार द्वितीय बुलन्दशहर को समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। साथ ही उनको मनोनीत कर उनसे आशा व्यक्त की है कि वह समाजवादी पार्टी की नीतियों तथा बाबा साहब डॉ॰भीमराव अम्बेडकर व डॉ॰राम मनोहर लोहिया की समावेशित, विचारधारा व नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुऐ संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे।उनके मनोयन से क्षेत्र के समाजवादियों में हर्ष व्याप्त है समाजवादी पार्टी को मजबूती मिली है क्योंकि पुष्पेंद्र जाटव की सभी वर्गों के लोगों में अच्छी पैठ है वह जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता है।

जो निम्न तबके के लोगों के काफी नजदीक व हमदर्द व्यक्तित्व है। एससी प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव बनने पर बुलंदशहर में पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपाईयों ने उनका जोरदार स्वागत किया है।

# वानप्रस्थ धाम फेस-1 में अष्ट दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव 03 जुलाई से

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** श्रीहित हरिवंश नगर स्थित वानप्रस्थ धाम फेस-1 में श्रीराधा माधव सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में अष्ट दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव 03 से 10 जुलाई 2025 पर्यन्त विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा।

जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि वानप्रस्थ धाम के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. चतुर नारायण पाराशर के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 03 से 09 जुलाई पर्यन्त श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा।जिसमें पण्डित रामांश पाराशर प्रथम बार अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा सायं 04 से 07 बजे तक श्रीमद्भागवत की अमृतमय कथा का रसास्वादन कराएंगे। 07 जुलाई को सायं 05 बजे से वृहद सन्त-विद्वत सम्मेलन आयोजित होगा।जिसमें कई प्रख्यात संत, विद्वान और धमार्चार्य आदि भाग लेंगे।

08 जुलाई को सायं 07 बजे से सुन्दरकाण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ होगा। 10 जुलाई को प्रातः 10 बजे से देश-विदेश से आए समस्त भक्त-श्रद्धालु वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य गुरु पूजन करेंगे।तत्पश्चात संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के आयोजन संपन्न होंगे।

# आखिर कब रूकेंगी सीवर डैथ: चन्दन लाल

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** सीवर पर कुछ लिखना और बोलना दोनों ही दृष्टि से संवेदनशील विषय है, जब से मानव सभ्यता विससित हुई, तो देखने को मिलता है कि पहले हड़प्पा सभ्यता में भी सीवर व्यवस्था थी। शुष्क शौचालयों को जल प्रभावित शौचालय में परिवर्तन और बडे नालों को सीवर में परिवर्तित कर सीवर का तेजी से विस्तार जारी है, लेकिन सीवर सफाई के दौरान जितनी मौतों का सिलसिला अब बडा है उतना पहले इनती मौते नहीं होती थी, हड़प्पा सभ्यता में सीवर का स्वरूप एक बडे और ठके पक्के नाले में मलमूत्र और गन्धगी का पानी घरों से निकल कर अन्दर अन्दर शहर से दूर बड़े गढढे में गिरता था।पहले के सीवरी की बनावट हवादार होती थी जिससे जान लेवा गैस बनती ही नहीं थी, इस लिए सीवर की सफाई करने वालों की मौत नहीं होती थी। आज के सीवर निर्माण में गतल इंजीनियरिंग के कारण सीवर लाइन में जान लेवा गैस अधिक हो जाने के कारण तथा सरकार के 27 निदेर्शों का पालन न करने के कारण, देश की सीमा की रक्षा में लगे सैनिकों से ज्यादा सीवर में सफाई सैनिकों की गुमनाम मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। सुप्रीम कोर्ट, केन्द्र और राज्य सरकारों के आदेश को ताक पर रख कर अधिकारी आंख बन्द कर सीवर की सफाई तो करा लेते है हैं लेकिन जब अधिकारियों की लापरवाही से सीवर में सफाई कर्मचारी बेमौत मारा जाता है। तो अधिकारी बडे अधिकार से कह देते है कि यह मेरा कर्मचारी है ही नहीं जिसने इसे काम पर लगा उसका वही इस मौत का जिम्मेदार है। जबकि सीवर तो उस अधिकारी के क्षेत्र की ही साफ हो रही है। जब दुर्घटना हो जाए तो मौत का जिम्मेदार किसी और को कैसे बनाया जा सकता है? हाल में आठ अप्रैल 2025 से अब तक सीतापुर के अलावा मथुरा के वृन्दावन और सोनीपत, महेन्द्रगढ़, अलवर, भटिण्डा, दिल्ली, फरीदाबाद अहमदाबाद रोहतक, बीकानेर जयपुर 26 सफाई सैनिकों की मृत्यु हो गई हैं।

इन सफाई मजदूरों पर जातिवाद का दंश इस करदर हावी है कि इनकी मौत पर न किसी चैनल की बडी खबर बनती है, न कोई कैण्डल मार्च निकलते है न ही पुलिस बेमौत के जिम्मेदारों को अपराधिक मान कर उन पर मुकद्दमें लगा कर कार्यवाही करती है। पुलिस बीएनएस की धारा 105 और मैला ढोने वाले के नियमन और पुनर्वास अधिनियम 2013 की धारा 7 और 9 के तहत केस दर्ज करने की आवश्यकता है। पुलिस को मैनुअल स्कवैजिंग को नियुक्ति करने पर धारा आठ के अन्तर्गत 2 साल की सजा या 1 लाख का जुमार्ना या दौनो से दण्ड दिलवा सकती है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं के साथ सुना पीएम के मन की बात का 123वां संस्करण, पीएम का जताया आभार और किया एक पेड़ माँ के नाम का वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के द्वारा भाजपा कार्यालय पर पीएम के मन की बात के 123 बें संस्करण को सुना।उसके उपरान्त भाजपा कार्यकताओं के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने बताया कि हाथरस में प्रत्येक बूथ पर मोदी के मन की बात का कार्यक्रम भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा बड़ी संख्या में सुना जा रहा है एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उक्त कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं और रविवार को बहुत बड़ी संख्या में भाजपाइयों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किए गए। जिसमें हजारों की संख्या में जिले में वृक्षारोपण किया गया। मन की बात कार्यक्रम में मोदी ने कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जोर दिया। इमरजेंसी का ज़िक्र पीएम ने उन परिप्रेक्षों पर प्रकाश डाला जब इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र की हत्या हुई और न्यायपालिका को पंगु बनाने की कोशिश की गई, यह हमें छोटी-छोटी संवैधानिक खामियों से भी सतर्क रहने की याद दिलाता है , ट्रेकोमा-मुक्त भारत उन्होंने देश को ट्रेकोमा (एक आंख की बीमारी) से मुक्त करने की बड़ी ये उपलब्धि साझा की।यह छोटी लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य में बड़ी सफलता है, योग और स्वास्थ्य इंटरनेशनल योग दिवस के संदर्भ में योग की अहमियत फिर से रेखांकित की छोटे-छोटे योगाभ्यास भी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, धार्मिक तीर्थयात्राएँ धार्मिक यात्राओं और पारंपरिक पवित्रताओं पर चर्चा की। जो छोटे-छोटे संस्कृतिक रिवाजों में हमारी एकात्मता को स्पष्ट करती हैं । क्यों इन छोटी-छोटी बातों को देते हैं पीएम मोदी ज्यादा महत्व सिस्टम में सुधारः छोटे-छोटे कार्य स्वास्थ्य, संस्कृति और लोकतंत्र के स्तंभों को मजबूत बनाते हैं, हायर उद्देश्यः ये छोटे कदम देश के बड़े विजनआत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, आयुष्मा भारत—का आधार रखते हैं। सांस्कृतिक संपर्कः छोटे-छोटे संस्कारों और परंपराओं की रक्षा, राष्ट्र की आत्मा को समृद्ध बनाती है।

# मृतक ऑटो चालक के परिवार से मिले कॉंग्रेसीयों ने जाहिर किया दुख, सरकार से आर्थिक मदद दिलाने के लिये दिया आश्वासन

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** शहर क्षेत्र मधुगढ़ी के पास इगलास अडडा फाटक पर मौहल्ला दिल्ली वाला निवासी मौहम्मद सैफी की परिवाजनों के अनुसार इगलास कोतवाली की पुलिस द्वारा पीट पीटकर हत्या कर दी गयी है। की खबर की जानकारी होने के बाद ही शहर कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश कुमार ओके अपनी कमेटी के पदाधिकारियों के साथ गमजदा परिवार से मिलने उनके घर पहुँचे। शहर अध्यक्ष के साथ संगठन कोऑर्डिनेटर विक्रम बाल्मीकि और फ्रंटल कोऑर्डिनेटर नरेन्द्र चौहान मौजूद थे। परिवार के लोगों ने बताया कि मौहम्मद सैफी ओटो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था, मृतक की बीमार पत्नी के अलावा तीन बेटियाँ भी हैं। वही अकेला कमाने वाला था जो अपनी ओटो चलाकर अपनी बीबी का ईलाज भी कराता था और बेटियों को भी पाल रहा था। शुक्रवार को सवारी लेकर इगलास गया था तभी दोपहर की नमाज का समय हो गया तो मौहम्मद सैफी इगलास की मस्जिद में ही नमाज अदा करने चला गया वहाँ कुछ अज्ञात लोगों से किसी बात पर कहासुनी हो गयी उन लोगों ने पुलिस को फोन करके बुलाया और सैफी को गिरफ्तार करवा दिया वहाँ पुलिस पर आरोप है कि पुलिस ने मौहम्मद सैफी को इतना पीटा की उसकी जान चली गयी। लेकिन अब उसकी बीबी का ईलाज और तीन बेटियों का पालन पोषण कौन करेगा ये बड़ा सबाल सबके मुख पर है, तो कॉंग्रेस शहर अध्यक्ष योगेश कुमार ओके ने परिवारजन और वहाँ मौजूद समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि इस पूरे प्रकरण की वास्तविक स्थिति से प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जायेगा। साथ ही मौहम्मद सैफी की हत्या के दोषियों को सजा दिलाने के लिये तथा सैफी को न्याय और परिवार में बीमार बीबी व बेटियों को सरकार से आर्थिक मदद दिलाने के लिये कॉंग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी। किसी भी पीड़ित का कॉंग्रेस सहारा बनकर उसके साथ सदैव खड़ी रहेगी। साथ ही साथ कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय जी पूर्व मंत्री से पीड़ित परिवार से मिल कर उनका दुःख बाँटने हेतु हाथरस आने का आग्रह किया जायेगा। ताकि गमजदा परिवार को हिम्मत मिले।

# ट्यूबवेलो पर चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामद

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने में चेकिंग के दौरान ट्यूबवेलो पर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, तार काटने के उपकरण, चोरी की मोटरसाइकिल सहित ट्यूबवेलों से चोरी किया गया केबिल और तांबे का तार बरामद किया है। पुलिस ने दोनों चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

शनिवार की शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ जिडाना-मलकपुर राजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को रुकने का इशारा किया तो दोनों युवक बाइक छोड़ जंगल के रास्ते भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक अवैध चाकू, ट्यूबवेलो से चोरी किया गया विद्युत केबिल, तांबे का तार, तार काटने के उपकरण व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए दोनों चोरों ने अपना नाम शहजाद पुत्र सम्मा उर्फ शमशाद निवासी मोहल्ला छडियान कस्बा थाना कैराना, जबकि दूसरे ने अपना नाम फारूक उर्फ उस्मान पुत्र मुमताज निवासी कमेला कॉलोनी कांधला बताया है। पकड़े गए दोनों चोरों ने बताया कि वह क्षेत्र के जंगलों में घूम कर ट्यूबवेलो से विद्युत तार चोरी करते है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए दोनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# सामलिया ग्रुप के चेयरमैन ने किया अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान का भव्य सम्मान

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** सामलिया ग्रुप की ओर से देश और विदेश की धरती पर कुश्ती, मार्शल आर्ट में धूम मचाने वाली खिलाड़ी आरोही चौधरी का भव्य सम्मान किया गया। बताते चलें कि मूल निवासी मुजफ्फरनगर हाल निवासी मथुरा आरोही चौधरी को बचपन से ही कुश्ती लड़ने का शौक था। उसने इस विधा पर अपना ध्यान पूरी तरह केंद्रित करना शुरू कर दिया। और जिला और राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जाकर सफलता हासिल करनी शुरू कर दी। खिलाड़ी आरोही की जीत से परिजन भी उसकी ओर विशेष ध्यान देने लगे। गरीब परिवार में पली आरोही चौधरी दिनों दिन सफलता हासिल करने लगी। उसने राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती और मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर दिखाया। इसके बाद उसको कजाकिस्तान में अपना हुनर दिखाने का मौका मिला। कजाकिस्तान में भी आरोही चौधरी कुश्ती और मार्शल आर्ट में कांस्य पदक जीतकर देश का दबदबा कायम कर रखा है। आरोही चौधरी ने बताया कि गरीबी हालात में भी उसने हार नहीं मानी। और दिन रोज कड़ी मेहनत पर ध्यान दिया। मगर वह दुखी इस बात से है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने पर भी प्रदेश व केंद्र सरकार से कोई भी सहायता नहीं मिली। सफलता का श्रेय खिलाड़ी आरोही चौधरी ने अपनी माता सुमित्रा देवी पिता अरविन्द चौधरी को दिया। सामलिया ग्रुप के चेयरमैन ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आरोही चौधरी का वृंदावन रोड छटीकरा स्थित ओम श्री कृष्णा चैतन्य माधुरी आश्रम पर पटुका पहनाकर, बांके बिहारी जी की छवि और 5100 रुपए भेंट कर भव्य सम्मान किया। बेटियां देश का नाम रोशन करें उत्साहवर्धन करने में कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर यशवीर चौधरी, आकाश वैष्णव, हरेंद्र तरकर आदि मौजूद रहे।

# मुर्गे के दाने से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के एनएच-28 मार्ग पर बर्डपुर-मेंखड़ा नाला पुल के पास रविवार को मुर्गे के दाने से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि, इस बीच चालक और परिचालक ने कूदकर जान बचा ली। हादसे के दौरान अफरा-तफरी मच गई।

मुर्गी का दाना लेकर राजस्थान से एक ट्रक सोनौली के रास्ते नेपाल जा रहा था। बर्डपुर मेंखड़ा नाला के पास ट्रक के सामने अचानक एक लड़का आ गया, उससे बचाने के चक्कर में चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रक पलट गया। इस दौरान चालक ने कूदकर जान बचाई। हादसा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस संबंध में शुद्धोधन चौकी प्रभारी पप्पू कुमार गुप्ता ने बताया कि एक ट्रक पलटने की जानकारी मिली थी। मौके पर देखा कोई हताहत नहीं हुआ है। ट्रक भी किनारे है, आवागमन की दिक्कत नहीं है। ट्रक के मालिक आ रहे हैं, तीन घंटे में ट्रक क्रेन से उठ जाएगा

# आगरा के अधिकारियों के साथ मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने की गहन चर्चा, ये रहा मुद्दा

वेलकम इंडिया

**जनपद आगराः**-उ0प्र0 सरकार के उच्च शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सर्किट हाउस में आगरा के जिलाधिकारी भानू चन्द्र गोस्वामी एवं आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष चर्चित गौंड के साथ आगरा के विकास, सौंदर्यीकरण, पर्यटन केन्द्रों के विकसित करने और आई.टी. सिटी बनाने पर चर्चा की गई। जिसमें आगरा विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पर्यटन विभाग जल निगम की भूमिका पर गहन चर्चा हुई।



पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मीना बाजार की कोठी को शिवाजी महाराज के आगरा से जुड़े शौर्यपूर्ण इतिहास के अध्याय का स्मारक बनाने के लिए उसके अधिग्रहण करने का प्रस्ताव और उस हेतु प्रशासनिक कार्यवाही को गति प्रदान करने का सुझाव दिये। ताजनगरी स्थित जोनल पार्क को गोविन्द-गीता वाटिका का नाम देकर इसको बृज संस्कृति का केन्द्र बनाते हुए कृष्ण कालीन वृक्ष और वनस्पतियों का रोपण, कृष्ण लीलाओं की मूर्ति और चित्रकारी से चित्रण और वर्णन, उसके एक हिस्से में कृष्ण लीलाओं का मंचन का प्रावधान कर उसे पर्यटन स्थल बनाने का सुझाव दिया। यमुना किनारा रोड पर जीवनी मण्डी चौराहे से लेकर ताजगंज विद्युत शवदाह गृह के भूखण्ड को नियोजित रूप से विकसित कर और सौंदर्यीकरण कर वहाँ से ताज और एत्माद्दौला का अवलोकन का प्रबन्धन करने का सुझाव दिया। जिससे पर्यटक प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ साथ वही से ऐतिहासिक स्मारकों का अवलोकन कर सकें। कैलाश मन्दिर के पास जहाँ गंगाजल आकर जल संस्थान को उपलब्ध कराया जाता है मन्दिर के निकट उस पर घाट बनाकर स्नान के पर्वों पर गंगा-यमुना संगम स्थल के रूप में विकसित कर स्नान आदि की व्यवस्था करने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। आगरा में नक्षत्रशाला और आधुनिक विज्ञान पार्क हेतु लगभग 03 एकड़ भूखण्ड तलाशने हेतु भी निर्देशित किया जिससे योगी सरकार के द्वारा इस हेतु आवंटित 15 करोड़ रुपए का उपयोग कर शैक्षिक पर्यटन केन्द्र को विकसित किया जा सके। जलनिगम के द्वारा गढी भदौरिया से लेकर अलबतिया क्षेत्र तक गंगाजल आपूर्ति और सीवेज सिस्टम विकसित करने हेतु सड़कों की जो खुदाई की गई है उस पर शीघ्र पूर्ण रूप से सड़क निर्माण तथा मीना बाजार की कोठी से मारूति स्टेट चौराहे होते हुए 100 फुटा अलबतिया रोड के चौड़े सेन्ट्रल चैनल को खूबसूरत फूलों के पौधों से आच्छादित करने और उस पर टहलने हेतु पथ निर्माण करने का सुझाव दिया जिससे एक ओर पर्यावरण सुधरेगा वही दूसरी ओर सौंदर्यीकरण भी होगा।

## कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

**सिद्धार्थनगर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के नेतृत्व में रविवार को 55 सदस्यीय जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें 9 उपाध्यक्ष, 11 महासचिव, 32 सचिव, एक कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। घोषित पदाधिकारियों में रियाज मनिहार कोषाध्यक्ष, कृष्ण बहादुर सिंह, अभिनय राय, अनिल सिंह अन्नू, जावेद मुकीम, रामचंद्र पांडेय, रंजना मिश्रा, जिल्ले गालिब, अशोक गुप्ता व सादिक अहमद को उपाध्यक्ष, दीपक यदुवंशी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सतीश चंद्र त्रिपाठी, सबरे आलम, सरिता शुक्ला, सुदामा प्रसाद, कन्हैया पांडेय, ऋषिकेश मिश्रा, मैनुद्दीन खा, आसिफ रिजबी व हमीदउल्लाह को महासचिव बनाया गया। इसी प्रकार से ओम प्रकाश दूबे, जुल्फकार खान, अर्जुन कन्नौजिया, पवन पांडेय सहित 32 लोग जिला सचिव बनाए गए हैं।

## युवती के साथ छेड़छाड़ आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता गुड़गांव के फरुखनगर की एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करती है पीड़िता अपने गांव में आई हुई थी। और फैक्ट्री में कार्य करने के लिए जा रही थी आरोप है कि तभी गांव के युवक ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के पास आरोपी के द्वारा की गई हरकत का वीडियो मौजूद है। पूर्व में भी आरोपी युवक ने कई बार पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित युवती ने आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को वीडियो उपलब्ध कराई है।

# बर्लिंगटन कंपाउंड के अवैध निर्माण, अग्नि सुरक्षा उल्लंघन, बिजलीचोरी, अतिक्रमण, जाम आदि पर विधिक अधिकार कार्यकर्ता संजय शर्मा ने उठाई आवाज.

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के राजधानी लखनऊ के बर्लिंगटन क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला बर्लिंगटन कंपाउंड, कैंट रोड निकट मेडवेल हॉस्पिटल, पेट्रोल पंप के सामने बर्लिंगटन कंपाउंड के नागरिकों की समस्याओं को लेकर देश के प्रमुख विधिक अधिकार कार्यकर्ता संजय शर्मा ने विभिन्न विभागों को कई गंभीर शिकायतें भेजी हैं। इन शिकायतों में अवैध निर्माण, अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी, सड़क व नालियों पर अतिक्रमण, बिजली चोरी और दूषित पेयजल जैसी ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई की मांग संजय शर्मा ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (छऊअ) को भेजी शिकायत में कहा है कि क्षेत्र में कई व्यावसायिक भवन और अपार्टमेंट बिना वैध नक्शा पास कराए, मानकों की अनदेखी करते हुए बनाए गए हैं। इससे नागरिकों को सुरक्षा संकट, यातायात बाधा और जल निकासी की गंभीर समस्या झेलनी पड़ रही है। उन्होंने दोषी अधिकारियों और बिल्डरों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी मुख्य अग्निशमन अधिकारी को भेजी शिकायत में संजय शर्मा ने बताया कि कई होटल, कोचिंग सेंटर, अस्पताल आदि बिना वैध फायर एनओसी और अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालित हो रहे हैं। इससे आमजन की जान-माल को गंभीर खतरा है। उन्होंने सभी व्यावसायिक भवनों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराने और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था पर चिंता नगर निगम को भेजी शिकायत में श्री शर्मा ने कहा कि फुटपाथ, सड़क, पार्किंग स्थल और नालियों पर अवैध अतिक्रमण और कूड़ा-कचरा की समस्या विकराल होती जा रही है। इससे पैदल यात्रियों और व्यापारियों को भारी असुविधा हो रही है। उन्होंने त्वरित अतिक्रमण हटाने और सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग की।

**नागरिकों की सामूहिक आवाज**

संजय शर्मा ने कहा, ?यह सभी शिकायतें क्षेत्रीय नागरिकों की सामूहिक आवाज हैं, जिन्हें मोबाइल हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से प्राप्त किया गया है। प्रशासन को चाहिए कि इन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ व सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

## पेड़ काटने की सूचना निकलीं गलत, हो रहा था मिट्टी खनन मौके से मिला जेसीबी और डंफर, सीज

असदुल्लाह सिद्दीकी

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील क्षेत्र के पोखरभिटवा गांव में शनिवार की रात तहसील की टीम ने छापा मारा। इस दौरान एक जेसीबी, एक डंपर सीज कर दिया गया। साथ ही आगे की कार्रवाई के लिए लिखा पढ़ी शुरू की।

तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह बघेल ने बताया कि शनिवार रात 10:00 बजे एसडीएम को सूचना मिली कि पोखरभिटवा गांव में कोई व्यक्ति छुपकर पेड़ की कटाई कर रहा है। एडीएम ने तहसीलदार को निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा। मौके पर वन विभाग के ब्रिंजल राजेश कुमार, वन दरोगा निखिल कुमार, शुद्धोधन चौकी पुलिस बल के साथ पोखरभितवा गांव में पहुंचे, जहां कोई पेड़ नहीं काटा जा रहा था। पेड़ काटने की सूचना गलत निकली, लेकिन जेसीबी से खनन किया जा रहा था। वहां एक जेसीबी और डंफर मिला। जेसीबी और डंपर चालक भाग गए थे। जेसीबी और डंपर को सीज करके मोहाने थाने के सुपुर्द कर दिया गया। जांच में 625 घन मीटर का खनन किया पाया गया। इस संबंध में तहसीलदार डॉ. संतराज सिंह बघेल ने कहा कि अवैध खनन करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।

## भाजपा पूर्व विधायक धीरज ओझा की सी एम योगी से मुलाकात जिले मे चर्चाओ का बाजार गर्म



विजय सग वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के पूर्व विधायक और फायर ब्रांड नेता अभय कुमार ओझा धीरज ने सूबे के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ से उनके पाँच कालीदास मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की तथा जनपद दौरे के लिए आमन्त्रित किया। धीरज ओझा ने जो मुख्यमन्त्री योगी जी के बेहद करीबी है ने उनसे मुलाकात कर संगठन प्रशासनिक अधिकारियो और पृथ्वीगज नगर पचायत व जिले के विकास के लिए गम्भीर चर्चा की तथा प्रतापगढ़ के विकास कार्यो के लिए योगी जी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हे प्रतापगढ़ दौरे का अनुरोध किया है।

# भूतपूर्व सैनिकों ने प्रादेशिक सैन्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** भूतपूर्व सैनिक ज.क. समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में लखनऊ ईकाई ने अपना प्रादेशिक मासिक सम्मेलन एवं स्थापना दिवस का आयोजन नंद टावर वृंदावन योजना में सफलतापूर्वक मनाया। प्रदेश कार्यकारिणी एवं लखनऊ जिलाध्यक्ष तथा सदस्यों ने समिति की नीतियों एवं कार्यों पर प्रकाश डाला, बैठक में जन भागीदारी एवं कल्याण, भूमि बंटवारा, साइबर धोखाधड़ी व डिजिटल अरेस्ट से बचाव एवं जागरूकता पर जोर दिया गया। लखनऊ जनपद के जिलाध्यक्ष प्रहलाद शर्मा तथा मीडिया प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने सेवा सुरक्षा के साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं यथा पेंशन मामले, साइबर सुरक्षा, शहीद विधवा पेंशन पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष दीनबंधु पांडे एवं प्रदेश लेखापरीक्षक देवराज यादव ने जिला कार्यकारिणी के कार्यों एवं विस्तार तथा सैन्य एकता पर बल दिया।। गोकरन तिवारी, लक्ष्मीकांत बाजपेई, हरिद्वार यादव तथा अनिल शुक्ल ने शुभकामनाएं प्रेषित किया। सम्मेलन में जिला कार्यकारिणी एवं वरिष्ठ सदस्य तथा पदाधिकारी सम्मिलित हुए। सम्मलेन के पश्चात अल्पाहार के साथ सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो को समाजहित में आगे बढ़ा रहा सेवा संघ : विनोद धवन

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** अखिल भारतीय सेवा संघ शाखा हिसार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर अर्बन स्टेट के हुड्डा पार्क में सम्पन्न हुआ जिसमें समापन के अवसर पर हिसार के मेयर परवीन पोपली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तथा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय सेवा संघ की शाखाएँ समाजहित में प्रत्येक कार्य को आगे बढाने का कार्य करती है चाहे योग शिविर हो या हवन यघ या अन्य सेवा का कोई भी कार्य। उन्होंने कहा कि शाखा हिसार द्वारा आयोजित योग शिविर में आने वाले अनेक साधकों के जीवन मे योग से सकारात्मक बदलाव आएगा यही सेवा संघ का उद्देश्य है। इस शिविर में पंतजलि योग समिति हिसार के सदस्यों का अहम योगदान रहा जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। पंतजलि योग समिति से प्रदेश प्रभारी ईश आर्य, योगरत्न मुकेश जी, संजीव शर्मा, रेखा गौतम को सम्मानित किया गया। योग शिविर के प्रोजेक्ट चैयरमैन रंजीव राजपाल, नरेंद्र ढुल, प्रदीप कटारिया एवं गुलशन कथूरिया रहे इन्हें शाखा की तरफ से सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया।

# देश की 64 प्रतिशत आबादी को मिला सामाजिक सुरक्षा लाभ

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर/शिवाली/** एक दशक में देश की 64 प्रतिशत आबादी को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिला है... वर्ष 2015 में 25 करोड़ लोगों को यह लाभ मिला था...जो अब तक यह आंकड़ा बढ़कर 95 करोड़ हो गया है... यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ₹मन की बात₹ कार्यक्रम में की है..

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ₹मन की बात₹ कार्यक्रम 123 वां एपिसोड प्रसारित हुआ... प्रधानमंत्री के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शिवाली स्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित कपासिया के घर पर आयोजित किया गया... इसमें अनूपशहर विधायक संजय शर्मा व ब्लाक प्रमुख पहलवान ईश्वर सिंह उपस्थित रहे... प्रधानमंत्री के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम के समापन के बाद विधायक संजय शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में एक समिति बनाने का कार्य शुरू कर दिया है... बालका गांव में समिति बना भी दी गई है... उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में बेटी वाटिका बनाई गई है... इस वाटिका में बेटी के जन्म के बाद मां एक पौधा लगातीं हैं, उस पौधा कि देखभाल भी स्वयं करती हैं... इस अवसर पर गन्नामिल समिति के चेयरमेन हरिराज चौहान, बिजन्द्र मावी, रूपचंद कपासिया, धर्मपाल, सुबान पाहट, सतवीर प्रधान, मनोज प्रधान, प्रमोद शर्मा, राजकुमार, अवधेश चौहान, सुनील गिरी आदि मौजूद रहे... प्रधानमंत्री ने अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि योजनाओं का लाभ जनता कि अंतिम कड़ी तक पहुंच रहा है... उन्होंने कहा कि देश कि जनता ने आपातकाल को झेला है... आपातकाल में जनता पर सीधा अत्याचार हुआ था... आज आपातकाल कि कल्पना भी असंभव है... आपाकाल में संविधान कि हत्या कि गई थी... उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में कहा कि भारत अब ट्रेकोमा बीमारी से बाहर निकला है... देश में अब एक भी मरीज नहीं है...

# इटावा के ब्राह्मणों को सम्मानित करेगे- दिनेश फलाहारी



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष ने एलान किया है कि इटावा के पंडितों का जेल से छूटने पर चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत करेंगे।

विदित रहे ये वही दिनेश फलाहारी महाराज हैं जिन्होंने संकल्प ले रखा है कि जब तक औरंगजेब के द्वारा बनाई गई मथुरा वाली ईदगाह मस्जिद को नहीं हटवा देंगे तब तक यह भोजन ग्रहण नहीं करेंगे और ना ही पैरों में जूता चप्पल पहनेगे,ये फलाहारी महाराज,श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर मस्जिद केस में मुख्य पक्षकार हैं. इन्होंने गोवर्धन स्थित अपने आश्रम पर पत्रकारों को बताया कि इटावा में ब्राह्मण डर के साए में जी रहे हैं,यदि,उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार नहीं होती तो यह कटटरपंथी उपद्रवी लोग ब्राह्मणों का कत्लेआम कर देते. उन्होंने कहा कि हम उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद देते हैं उन्होंने उपद्रवियों को जेल भेज दिया है, साथ ही उन्होंने जनता से अपील की है कि कानून को अपने हाथ में नहीं लीजिए, सरकार किसी भी अपराधी को छोड़ेगी नहीं, उन्होंने कहा कि हम अखिलेश यादव के बयान की निंदा करते हैं, उन्होंने जनता को गुमराह किया है, वह प्रदेश में जातीय दंगा भड़काना चाहते हैं, उनका कहना है कि सभी जातियां श्रेष्ठ हैं लेकिन पहचान छुपा कर,नाम बदलकर कथा करना अपराध है. नाम बदलने का षड्यंत्र केवल अपराधी करते हैं, उन दोनों पहचान छुपा कर कथावाचकों ने अपराध किया है फलाहारी महाराज जी ने सभी देश वासियों से शांति की अपील की।

## वारेण्या बनी खेलो इंडिया वीमेन रैंकिंग चैंपियन, ब्रज की बेटी ने रचा इतिहास

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** 2024-25 में खेलो इंडिया नेशनल वीमेन रैंकिंग टूनार्मेंट की पांच टूनार्मेन्ट की श्रृंखला के पांचवे एवं फाइनल टूनार्मेंट में जो दिल्ली में स्थित यमुना स्पोर्ट्स कंपलेक्स के ग्राउंड पर आयोजित हुए थे उसके फाइनल में मथुरा की तीरन्दाजी खिलाड़ी वरेण्या राणा ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल रैंकिंग टूनार्मेंट में अपने प्रतिद्वंद्वी महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 60000 की पुरस्कार राशि का चैक अपने नाम किया। वरेण्या के कोच योगेन्द्र सिंह राणा ने जानकारी दी की एक साल में चार खेलो इंडिया रैंकिंग टूनार्मेंट खेले जाते हैं जिनमें किये गये प्रदर्शन के आधार पर प्रथम 16 खिलाड़ियों को ही इस फाइनल टूनार्मेंट में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होता है।इस वर्ष की रैंकिंग में वरेण्या इन 16 खिलाड़ियों में प्रथम रैंक पर खेली थी, और फाइनल जीतकर अपना प्रथम स्थान कायम रखा।वरेण्या की इस उपलब्धि पर मथुरा तीरन्दाजी अकादमी के खिलाड़ियों में हर्ष का वातावरण है सभी ने अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त की।

## गर्भवती महिला व बच्चों की पोषण में सुधार करने की ऑगनवाड़ी कार्यकत्री की अहम भूमिका होती है: दीप्ती

वेलकम इंडिया



**औरंगाबाद।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान लखावटी में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण समापन के अवसर पर रविवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री दीप्ती त्रिपाठी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं व बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार करने में ऑगनवाड़ी कार्यकत्री की अहम भूमिका होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 42 प्रतिभागियों में से 39 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान लखावटी में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री दीप्ती त्रिपाठी ने कहा कि गर्भवती महिला, धात्री मां एवं बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार करने में आंगनवाड़ी कार्यकत्री की भूमिका होती है।बच्चों के संवार्गीण विकास को बढावा देने ऑगनवाडी केन्द्र पर ऑगनवाडी कार्यकत्रियों द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियॉ भी महत्वपूर्ण हैं।सत्र प्रभारी अनुदेशक हरि कृष्ण गुप्ता ने बताया गया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑगनवाडी सहायिका से ऑगनवाडी कार्यकत्री के पद पर प्रोन्नत ऑगनवाडी कार्यकत्रियों के ज्ञान व कौशल में वृद्धि करने एवं उनकी सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ साथ पूर्ण मनोयोग और सकारात्मकता के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाहन करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में डा, नरेन्द्रपाल सिंह, हरेन्द्र सिंह, शिवम कुमार, आयुष त्यागी, सतपाल सिंह, ललित कुमार, मन्जूर अली, हसमुददीन, वीरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बस कंडक्टर के लड़के ने दिखाया कमाल नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया में पाया 14 हजार वां रैंक



वेलकम इंडिया

**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) :** हरियाणा रोडवेज में बस कंडक्टर वार्ड नंबर 17 बरवाला निवासी सतपाल उर्फ पालू के लड़के दीपक ने नीट की परीक्षा में दिमागी कौशल का परिचय देते हुए कमाल दिखाया है। दीपक ने नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया में 14 हजार वां रैंक हासिल करके अपने परिजनों, गुरुजनों व बरवाला शहर का नाम रोशन किया है। दीपक ने 14 हजार वां रैंक हासिल करके सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में अपना दाखिला सुनिश्चित कर लिया है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में 20 हजार छात्र छात्राएं दाखिला लेगे। वार्ड नंबर 17 बरवाला के पार्षद मोहन सिंह ने बस कंडक्टर सतपाल के आवास पर जाकर उसके लड़के दीपक का मुंह मीठा करा कर बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।दीपक ने अपने जीवन के लक्ष्य के बारे में बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सा संबंधी सुविधाएं प्रदान करना उसका मुख्य लक्ष्य है।

## थाना प्रांगण में मोहर्रम व कावड़ यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**अहमदगढ़/बुलंदशहर** /आगामी मोहर्रम कावड़ यात्रा को लेकर थाना अहमदगढ़ में रविवार को शांति समिति की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें दोनों पर्वों को लेकर शांति व सौहार्द से मनाने की अपील की गई। एसडीएम डिबाई अंगद कुमार यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।एसडीएम डिबाई अंगद कुमार यादव ने कहा कि मोहर्रम में किसी प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन पर रोक रहेगी उन्होंने ताजियों के निर्धारित ऊंचाई पर ही रखने की अपील की सीओ शिकारपुर मधुप कुमार सिंह ने भी त्योहारों को शांति से मनाने की अपील की है। इस मौके पर तहसीलदार गौरव बिश्नोई मनोज शर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष अहमदगढ़ डा यासीन खान डीके शर्मा बबली भगत जी सुशील फौजी विष्णु प्रधान गजेंद्र सिंह प्रधान समसुद्दीन पहलवान प्रधान अहमदगढ़ फिरोज खान नवाब खान लवकुश शर्मा थाना प्रभारी प्रेमचंद शर्मा मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का काम कर रही है- प्रवीण चन्द्र पाण्डेय

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** रविवार को विकास खंड सेमरियावां के चिउटना में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संविधान बचाओ नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का काम कर रही है।संविधान बदलने के लिये भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन देश की जनता ने उनके नापाक इरादों को ध्वस्त कर दिया।जननायक राहुल गाँधी जी ने केन्द्र सरकार की गलत नीतियों का जबरदस्त विरोध किया है।समाज के दबे कुचले कमजोर तबके की आवाज को बुलंद करने का काम किया है और कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान देश की आत्मा है हमें जो आज अधिकार प्राप्त हैं वह संविधान की देन है।कांग्रेस पार्टी लोगों को जागरूक करने के लिये यह अभियान चला रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय और संचालन अहमद जमाल अंसारी एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर सैयद तारिक हुसैन,सुनील पाण्डेय, दिलशाद अफसर, मौलाना सेराज अहमद, रियाज अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, मोईन अंसारी, अमित कुमार सिंह बिट्ठू, अरूण पाण्डेय, मुहम्मद अकरम नजीर आदि मौजूद रहे।




## विश्व पर्यावरण दिवस पर थाना मगोर्रा में किया गया वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिले के थाना मगोर्रा में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें पुलिस प्रशासन और गणमान्य लोग मौजूद रहे।चौधरी जयपाल सिंह राणा का कहना था कि वृक्ष हमारी धरोहर हैं जिनसे हमको शुद्ध हवा और अच्छा जीवन ऑक्सीजन मिलती है, हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाना जरूरी है जिससे हमें हरियाली और शुद्ध हवा मिलती है।एक पेड़ लगाना एक बच्चे के बराबर होता है, जिसको बच्चे की तरह पाला जाता है।इस मौके पर विजेंद्र सिंह एस आई मकसूद अली शेखर पैरोकार सत्यपाल सिंह पैरों का इंद्रप्रकाश चौधरी जयपाल सिंह आदि गढ़ माननीय लोग उपस्थित रहे।

## बुलंदशहर जनपद के नेताओं समाजसेवियों ने मथुरा एसएसपी को किया सम्मानित




वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार से उनके मथुरा स्थित कैंप कार्यालय पर क्षत्रिय महासभा के संरक्षक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी के साथ शिष्टाचार भेंट कर जनपद बुलंदशहर में उनके बतौर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक 3 साल के कार्यकाल पर पुरानी यादों को साझा कर उनके द्वारा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पारदशिता के साथ दिए गए न्याय के चलते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में क्षत्रिय महासभा के संरक्षक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस व मथुरा जनपद के कोऑर्डिनेटर ठाकुर राकेश भाटी, मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ, कोऑर्डिनेटर शामली ज्ञानेंद्र सिंह राघव, शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी राजपूत, बॉबी भाटी ,योगेश सिंह सम्मिलित रहे सम्मान उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा जनपद बुलंदशहर के कार्यकाल को उत्तम बताते हुए सभी नेताओं समाजसेवियों व जनता को मिलनसार उत्तम बताया व सम्मान करने पर क्षत्रिय महासभा का आभार व्यक्त किया।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने 25000 के इनामी गौकश गैंगस्टर बदमाश को पैर में गोली लगने पर घायलावस्था में साथी सहित किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़** गढ़मुक्तेश्वर/डीआईजी कला निधि नैथानी के निर्देशन में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे।ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत हापुड़ पुलिस बदमाश होकर पड़ रही भारी।इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने थाना हाजा पर दर्ज मु०अ०स०275/25/धारा 109,3(5) बी एन एस,3/5क सी एस एक्ट,3/11 पशु क्रूरता अधिनियम एवं 3/25/27 आर्म्स एक्ट में वांछित चल रहे।बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में पुलिस के द्वारा आत्मरक्षार्थ हेतु चलाई गई।गोली पैर में गोली लगने पर ?25000 के इनामी बदमाश को घायलावस्था में साथी सहित किया गिरफ्तार।पुलिस पूछताछ में बदमाशो ने अपने नाम अनस (घायल) गुलाम नबी पुत्र गण फरीद ग्राम लालपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद बताए हैं। जिनके कब्जे से अवैध असलहा खोखा, जिन्दा कारतूस गोकशी करने के उपकरण बरामद हुए हैं।दोनों बदमाश शातिर किस्म के गौकश हैं। जिन पर मुरादाबाद,रामपुर, संभल, बुलंदशहर, हापुड़ में गोकशी, हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगस्टर एक्ट से संबंधित ढाई दर्जन मुकदमे पंजीकृत है। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## बहादुरगढ़ पुलिस ने सट्टा किंग खिलाड़ी को सट्टे की पर्ची नगदी सहित किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़** गढ़मुक्तेश्वर/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा के पर्यवेक्षण में जुए सट्टे के गोरख धंधे पर शिकंजा कसने को लेकर चलाए जा रहे।अभियान के तहत बहादुरगढ़ पुलिस ने पलवाड़ा यात्री सैड तिराहे के पास से सुभाष पुत्र प्रीतम निवासी कस्बा बहादुरगढ़ को सट्टे की पर्ची 1.220 रुपए की नगदी सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में किया पेश।वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी मनोज बालियान का कहना है कि क्षेत्र में जुआ सट्टा नशीले मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी हाल में नहीं की जाएगी बर्दाश्त।ऐसे लोगों को विधिक वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा। और अवैध गोरख धंधे से जुड़े लोगों की घर पकड़ को लेकर अभियान जारी है जो आगे भी जारी रहेगा।

# नींव द स्कूल की सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर जाँच शिविर लगाया गया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)**। कैंसर एवं हृदय देखभाल फाउंडेशन, गाजियाबाद के तत्वाधान में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

डॉक्टर राम मनोहर लोहिया कॉलेज ऑफ फामेर्सी कॉलेज में नींव द स्कूल की सौजन्य से धर्मशिला नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, नई दिल्ली सेंटर फॉर साइट द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण एवं कैंसर जाँच शिविर लगाया गया। शिविर में नि:शुल्क सेवाएँ मैमोग्राफी जाँच (40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं हेतु) पेरमीर टेस्ट (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जाँच) छाती का एक्स-रे, ईसीजी (हृदय परीक्षण) हड्डी खनिज घनता परिक्षण (बीएमडी) सामान्य चिकित्सक एवं कैंसर विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ की परामर्श सेवा, मुँह का परीक्षण (ओरल स्कैनिंग) फेफडो की कार्यक्षमता जाँब (पीएफटी) नेत्र परिक्षण, रक्तचाप (बीपी) जाँच शुगर (मधुमेह), बवासीर (पाइल्स) की जांच, दवाइयाँ एवं परामर्श दिया गया। इस मौके पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर पराग शर्मा डॉक्टर कविता शर्मा व विधायक डॉ मंजू सिवाच द्वारा सर्वाईकल कैंसर पर जागरुकता पर अपना व्याख्यान दिया और कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। स्वास्थ्य के प्रति सजगता जागरूकता बरतनी चाहिए। इस मौके पर शिविर में आए डॉक्टर ऑन एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर इन्दमणि अग्रवाल, आर. के. गोयल, राम शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री रामकिशोर अग्रवाल, विधायक डा० श्रीमती मंजू शिवाच, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, डा० योगेश सिंघल, डॉ मोहित गुप्ता,, अमित अग्रवाल प्रबंधक राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट, अरविन्द अग्रवाल, स्वामी आरोग्य देव डॉक्टर विनीत शर्मा डॉक्टर मुदिता सिंह, डॉक्टर नीरज प्रभाकर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ पवन सिंघल, व्यापारी नेता महेश तायल, पीयूष गुप्ता, समाजसेवी रूप चन्द शर्मा, अजय आनंद उपाध्याय, शिक्षाविद सुशील जैन, पंकज गर्ग आदि गणमानय लोग उपस्थित थे।

# श्री अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)**। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था पूजा अर्चना के बाद मोदी मंदिर मोदीनगर से रविवार को रवाना हुआ। कादयान टूर एंड ट्रेवल्स बस के माध्यम से श्री अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था मोदी मंदिर मोदीनगर से रवाना हुआ यात्रा संयोजक सोनू शर्मा, मंजू शर्मा, लक्ष्य शर्मा, तान्या शर्मा, नवीन कादयान, विजय कुमार, विनोद शर्मा, बिट्टू शर्मा ने धार्मिक यात्रा की व्यवस्था की। उन्होंने बताया कि पहलगाम अटैक के बाद भी श्री अमरनाथ यात्रियों में उत्साह की कोई कमी नहीं है। बिना डरे श्री अमरनाथ यात्रा व वैष्णो देवी की यात्रा व अन्य धार्मिक स्थानों के दर्शन करेंगे। यह यात्रा 29 जून 2025 से प्रारंभ होकर 10 जुलाई 2025 को समाप्त होगी।

## निशुल्क जल सेवा में श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की महिला इकाई ने सहभागिता निभाई



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)**। श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की महिला ईकाई द्वारा रेलवे स्टेशन पर पिछले 58 दिनों से चलाई जा रही निशुल्क जल सेवा में अपनी सहभागिता निभाई। श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति की प्रदेश चेयरमैन वर्षा गुप्ता ने बताया कि पिछले 58 दिनो से रेलवे स्टेशन पर भाई बलवीर मेहता व भाई विष्णु वर्मा द्वारा निशुल्क जल सेवा की जा रही है। कुटुम्ब की बहनो के सहयोग से आधा-आधा लीटर की 20 पेटी नि:शुल्क जल सेवा मे रेलवे स्टेशन पर वितरित करी गयी। जल सेवा से पूर्व बलवीर व विष्णु ने एक छोटा सा हवन कराया। जिसमे गायत्री मंत्र की सामिधा सामग्री द्वारा आहुति दी गयी। तत्पश्चात आरती करके सेवा कार्य का शुभारम्भ किया गया। यद्यपि ट्रेन 2 घण्टे लेट थी फिर भी सभी बहनो ने अपने हाथो से जल वितरित कर आत्मिक सुख का अनुभव किया। इस सफल कार्यक्रम की सूत्रधार नगर अध्यक्ष राधिका गुप्ता रही। इस अवसर पर वर्षा गुप्ता, शानु अग्रवाल, मीना तायल, पूजा सिंघल, रजनी मित्तल, शालिनी गोयल, रूबी गुप्ता, राशि संघी, शालू गुप्ता, रीमा अग्रवाल नैना अग्रवाल, पूनम बंसल, नेहा बंसल, निधि सिंघल, विभा सिंघल, विनिता बंसल, ललिता गुप्ता, प्रिंयका मोदी, कल्पना गोयलशाल जिन्दल, दीपाली सिंघल, रिचा गर्ग, रश्मि अग्रवाल, निधि सिंघल, प्रिंयका गुप्ता, मनीषा मित्तल उपस्थित रही।

## लोनी की सोनिया नगर कॉलोनी में साइबर ठगों का आतंक, स्कैनर पर भेजे पैसे, खाते से उड़ गई पूरी जमा पूंजी

**गाजियाबाद**। देशभर में सरकारी योजनाओं के नाम पर साइबर ठग सक्रिय हैं और इसी का शिकार बनीं हैं लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की सोनिया नगर कॉलोनी में रहने वाली नेहा, जिनसे ठगों ने श्रमिक कार्ड बनवाने का झांसा देकर 62,652 रुपये की ठगी कर डाली। पीड़िता ने बताया कि 13 जून को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से $फोन आया। कॉल करने वाले युवक ने खुद को भारत सरकार की योजना से जुड़ा अधिकारी बताते हुए कहा कि श्रमिक कार्ड बनवाने पर हर महीने 6,200 रुपये की सरकारी सहायता दी जाएगी। कार्ड को सक्रिय कराने के लिए 50 रुपये की मामूली फीस जमा करनी होगी, जिसका स्कैनर लिंक उसने भेजा। नेहा ने जैसे ही उस स्कैनर लिंक पर 50 रुपये का भुगतान किया, उसके बाद उनके बैंक खाते से कई बार में कुल 62,652 रुपये कट गए। जब तक उन्हें इस धोखाधड़ी का अंदेशा हुआ, उनके खाते की अधिकांश राशि गायब हो चुकी थी। घटना के बाद नेहा ने तुरंत लोनी पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर सेल को जांच के लिए प्रेषित कर दिया है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द पकड ? का प्रयास जारी है। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि साइबर ठग अब आमजन को बेहद शातिर तरीकों से निशाना बना रहे हैं, और लोगों को हर डिजिटल लेन–देन में अत्यधिक सतर्कता बरतने की जरूरत है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल, लिंक या स्कैनर पर भरोसा न करें और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइटों या कार्यालयों से ही प्राप्त करें।

## छत से गिरकर युवक की मौत या हत्या? ट्रॉनिका सिटी की फैक्ट्री में रहस्य गहराया

**गाजियाबाद**। ट्रॉनिका सिटी स्थित एक धागा फैक्ट्री में काम करने वाले इटावा निवासी 24 वर्षीय शिवम तिवारी की रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। बताया गया कि शिवम फैक्ट्री की छत पर सो रहा था और वहीं से गिरकर उसकी मौत हो गई। हालांकि परिजन इसे महज हादसा मानने को तैयार नहीं हैं और हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है, जब फैक्ट्री परिसर में मौजूद कर्मचारियों को अचानक गिरने की आवाज सुनाई दी। जब ऊपर देखा गया, तो शिवम नीचे गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। उसे आनन–फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह दुर्घटनावश गिरने का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजनों का दावा है कि शिवम की किसी से पुरानी रंजिश थी और यह पूरी घटना पहले से रची गई साजिश का हिस्सा हो सकती है। उन्होंने पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों को बेनकाब करने की मांग की है। शव को पोस्टमार्तम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मृत्यु के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# रालोद के सदस्यता अभियान के अंतर्गत सैंकड़ो कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)**। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निदेर्शों के अनुसार राष्ट्रीय लोकदल का सदस्यता अभियान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संतपुरा में मनोज त्यागी पूर्व सभासद व पूर्व नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व सीताराम सैंन पूर्व अध्यक्ष ने छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता सैंकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ ग्रहण की।सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि सांसद डॉ राजकुमार सांगवान की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तेजपाल सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, चैयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता, कुंवर अय्यूब अली एडवोकेट, रणवीर दहिया प्रदेश सचिव, डॉ पूनम गर्ग, अजय पूर्व प्रमुख, सुमन चौधरी, योगेन्द्र पतला, जयवीर नेहरा जिला उपाध्यक्ष, विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष, रवि वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष एस सी प्रकोष्ठ, दीपक चौधरी जिला सचिव, आलोक सिंह विधानसभा अध्यक्ष, अकाश गौतम एडवोकेट जिला सचिव एस सी प्रकोष्ठ, उपस्थित रहे। समाजवादी व अन्य दलों को छोड़कर पुनीत त्यागी, दिनेश सैन, टीटू चक्की वाले, किशोरी शर्मा, सुदेश शर्मा, सुनील त्यागी, अवशेष राजपूत, भूरे त्यागी, यतेंद्र त्यागी, शिवकुमार त्यागी, मनोज त्यागी, बिन्नू त्यागी, श्याम सिंह त्यागी, पिंटू त्यागी, विनोद उपाध्याय, चिंटू सूरी, नरेश आनंद, बंटू शर्मा, अतुल शर्मा, पिन्नू सैन, नरेश शर्मा, प्रमोद कौशिक, प्रतीक तोमर, सोनू कश्यप, नीरज त्यागी, राजेस गुप्ता, देवेंद्र सैन, अनिल सैन, अनिल जैन, मनुज चौधरी, अनिल चौहान, मिंटू तोमर, धारा टेलर, राजेश तोमर, नंदू विजयनगर, देवेंद्र त्यागी, सुंदर त्यागी, सुंदर सैनी, अशोक त्यागी, गुरुवचन आदि ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण ली।

## दिल्ली-मेरठ मार्ग पर दिनदहाड़े गुंडागर्दी, सड़क पर जाम, हमलावर फरार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। दिल्ली-मेरठ मार्ग एक बार फिर अराजकता और रोड रेज का गवाह बना, जब शनिवार को गोविंदपुरी पुलिस चौकी के पास कुछ बाइक सवार युवकों ने एक कैंटर चालक को बेरहमी से पीट दिया। यह पूरी घटना उस समय हुई जब मेरठ के सरधना क्षेत्र के कालंद गांव निवासी शकील, दिल्ली से मावा लेकर लौट रहा था। रास्ते में कुछ बाइक सवार युवक आपस में रेस लगा रहे थे। जैसे ही एक बाइक को साइड न मिलने पर वह पीछे रह गई, तो उसके चालक ने शकील को गालियां देनी शुरू कर दीं। देखते ही देखते उस युवक ने अपने साथियों को भी बुला लिया और सभी ने मिलकर शकील की पिटाई शुरू कर दी। इस अचानक हुई मारपीट की घटना से मेरठ की तरफ जाने वाली सड़क पर जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। इस दौरान हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल शकील ने गोविंदपुरी पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। क्षेत्राधिकारी (एसीपी) मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सड़कों पर बेलगाम दौड़ती बाइकें और असंवेदनशीलता का बढ़ता ग्राफ आखिर कब थमेगा। आम राहगीरों और चालकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की जिम्मेदारी अब कठघरे में है। अब देखना यह है कि पुलिस जल्द कार्रवाई कर हमलावरों को पकड़ती है या मामला भीड़ में गुम हो जाएगा।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल और जनकल्याण ट्रस्ट के संयुक्त शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। स्थानीय नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा जनकल्याण ट्रस्ट (शास्त्री नगर एवं गोविंदपुरम की आवासीय कल्याण समितियों) के सहयोग से रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक बहुप्रयोजन शिविर का आयोजन सी-ब्लॉक, शास्त्री नगर स्थित शिवशक्ति मंदिर परिसर में किया गया। शिविर में 18 वर्ष तक के नागरिकों के नए आधार कार्ड बनाए गए, जबकि सभी आयु वर्ग के लोगों के पुराने आधार कार्ड में आवश्यक सुधार व अद्यतन कार्य भी किया गया। साथ ही, नेत्र परीक्षण और होम्योपैथिक दवा वितरण की सुविधाएं भी नागरिकों को नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस विशेष जनसेवी शिविर का शुभारंभ मुरादनगर क्षेत्र के विधायक श्री अजीत पाल त्यागी ने किया। शिविर में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्री बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव श्री प्रदीप चौधरी, प्रदेश सचिव श्री सौरभ यादव तथा सामाजिक चिंतक पं. अशोक भारतीय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इन सभी प्रमुख व्यक्तियों ने क्षेत्रवासियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और जनसेवा के इस कार्य में सहभागिता पर संतोष व्यक्त किया। शिविर में मंदिर समिति अध्यक्ष आर.के. गोयल सर्राफ, कोषाध्यक्ष के.पी. गुप्ता, संजीव अग्रवाल, अरविंद सिंघल और संतोष कौशिक ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्मृति चिह्न और पटका पहनाकर स्वागत किया। सभी ने मिलकर शिविर की व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर में 150 लोगों ने आधार कार्ड में संशोधन या नए कार्ड बनवाकर लाभ उठाया। 130 नागरिकों ने अपनी आंखों की जांच कराई। 155 लोगों ने होम्योपैथिक दवाएं प्राप्त कीं।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर किया जाएगा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, संतो ने दिए निमंत्रण पत्र



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। सिद्ध पीठ शिव गोरखनाथ मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लंबी आयु के लिए वह राष्ट्रीय हित में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि परम पूज्य जगतगुरु श्री श्री 1008 अनंत विभूषित स्वामी डॉक्टर वेदपुत्र सिद्धनाथ जी महाराज कार्यक्रम के लिए एडीजी जॉन मेरठ को निमंत्रण सभी संतो के द्वारा दिया गया। डीएफओ मेरठ वंदना को सभी संतो के द्वारा निमंत्रण दिया गया। निमंत्रण में शामिल संत गण श्री श्री 1008 अनंत विभूषित महामंडलेश्वर राजेश आनंद सिद्धनाथ जी महाराज योगी मंगलनाथ महाराज आनंद नाथ महाराज योगी हनुमान नाथ महाराज पंडित रामकुमार शर्मा पंडित राम रंजन दुबे पप्पू चौधरी आदि समस्त भक्तगण के साथ निमंत्रण दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आपके कार्यक्रम में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

# समाजवादी पार्टी द्वारा मासिक बैठक एवं पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद सेवापुरी**। सेवापुरी विधानसभा के अंतर्गत ग्रामसभा बरकी में सुखमानी देवी इंटर कॉलेज अमरनाथ यादव मास्टर के विद्यालय में रविवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा सेवापुरी द्वारा मासिक बैठक एवं पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल और विशिष्ट अतिथि आशुतोष सिंहा विधान परिषद सदस्य रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह पटेल ने पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए कहे कि पिछड़े दलित अल्पसंख्यक आधी आबादी मुख्य रूप से ढऊअ के लोग समस्त सेवापुरी की जनता समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को 2027 के चुनाव में भारी बहुमत से जीतने का काम करेंने जा रही है।वही पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक आधी आबादी किसान नौजवान बेरोजगार साथियों के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर के भी चर्चा हुई ढऊअ के लोगों का शोषण हो रहा है बेरोजगारी चरम सीमा पर है, कार्यक्रम के अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष पखंडी बिंद ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन विधानसभा महासचिव राजेश यादव ने किया। विधानसभा अध्यक्ष पखंडी बिंद, राम सिंह यादव, प्रदेश महासचिव अमन यादव 'अन्नू', इंजीनियर अनिल यादव, विधानसभा महासचिव राजेश यादव, हरिशंकर बिंद, सियाराम केसरी, जयप्रकाश श्रीवास्तव, फूलचंद्र राजभर, रामसुन्दर यादव जिला सचिव, शिवनाथ यादव, ओमकार विश्वकर्मा भरत प्रधान, निहाला पाल, नईम अंसारी, प्रमोद यादव, मुस्तकीम अंसारी, कमालुद्दीन, अमृतलाल यादव एवं सैकड़ो समाजवादी साथी उपस्थित रहे।







# डॉ. सिंह पेट केयर: पालतू स्वास्थ्य सेवा का एक नया युग

वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद।** डॉ. सिंह पेट केयर एमएएक्स पीटीजेड, एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशलिटी पालतू पशु अस्पताल, का आज उद्घाटन श्री संतोष कुमार यादव, आईएएस, चेयरमैन, एनएचएआई द्वारा किया गया। यह अस्पताल गाज़ियाबाद में पालतू स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा करता है, जिसमें नवीनतम तकनीकी सुविधाएँ और सेवाएँ उपलब्ध हैं।

**उद्घाटन समारोह:** इस अस्पताल का उद्घाटन श्री संतोष कुमार यादव, आईएएस, चेयरमैन, एनएचएआई ने किया। उन्होंने इस पहल की सराहना की और पालतू जानवरों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया। पालतू स्वास्थ्य सेवा में एक नया युग: डॉ. सिंह पेट केयर एमएएक्स पीटीजेड, गाज़ियाबाद में पालतू स्वास्थ्य सेवाओं का एक नया मानदंड स्थापित करने जा रहा है। अनुभवी पशु चिकित्सकों, उन्नत तकनीकी उपकरणों और अत्याधुनिक संरचना के साथ यह अस्पताल पालतू जानवरों और उनके मालिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार है।









## प्रमुख विशेषताएं

- उन्नत डायग्नोस्टिक उपकरण: डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ईकोकार्डियोग्राफी आदि
- सर्जरी और एंडोस्कोपी: वेंटिलेटर सपोर्ट सहित अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर
- आईसीयू और क्रिटिकल केयर: गंभीर रूप से बीमार पालतू जानवरों के लिए चौबीसों घंटे देखभाल
- पैथोलॉजी लैब: सटीक और समय पर टेस्ट रिपोर्ट
- ग्रूमिंग और पेट स्टोर: पालतू की सभी आवश्यकताओं का एक ही स्थान पर समाधान
- अनुभवी पशु चिकित्सक: वर्षों के अनुभव वाले प्रशिक्षित विशेषज्ञ
- आधुनिक आधारभूत संरचना: स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण

## अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

- 9810259340, 8700228038
- खसरा नंबर 1009, राजनगर एक्सटेंशन, यूको बैंक के पास, गाज़ियाबाद

## टाइफाइड से बचाव अब आसान: मात्र 600 में उपलब्ध



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आंत्रशोथ (टाइफाइड) जैसी गंभीर बीमारी, जो कि अधिकतर गंदे हाथ, संक्रमित खाद्य पदार्थ और अस्वच्छ आदतों के कारण फैलती है, बरसात के मौसम में अधिक तेजी से लोगों को अपना शिकार बनाती है। इसी खतरे को ध्यान में रखते हुए भारतीय चिकित्सक संघ (आई.एम.ए.) गाजियाबाद एवं गॉगस के सहयोग से रविवार को धर्मार्थ औषधालय, शिव मंदिर सेकंड सी ब्लॉक, नेहरू नगर में 21वां निःशुल्क टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। इस जनसेवी प्रयास का नेतृत्व डॉ. अल्पना कंसल एवं डॉ. अरुणा जी ने किया। शिविर में 60 लोगों ने आंत्रशोथ से बचाव का टीका लगवाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। आंत्रशोथ का यह टीका बाजार में जहां 2600 की कीमत पर उपलब्ध है, वहीं धर्मार्थ औषधालय नेहरू नगर में पूर्व पंजीकरण करवाकर यह मात्र 600 में लगाया जा रहा है। यह पहल आमजन के लिए एक बड़ी राहत है, विशेषकर उन परिवारों के लिए जो महंगे टीकों का खर्च वहन नहीं कर सकते। इस अवसर पर औषधालय के प्रमुख पदाधिकारी अध्यक्ष डॉ. आर.के. वर्मा, श्री सुनील कुमार गर्ग एवं औषधालय का पूरा सहयोगी स्टाफ भी शिविर में मौजूद रहा, जिनकी सक्रियता और समर्पण से यह आयोजन सफल हो सका। धर्मार्थ औषधालय द्वारा जल्द ही 22वें टीकाकरण शिविर की तिथि घोषित की जाएगी, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया चालू रहेगी। स्वास्थ्यप्रेमी नागरिकों से अनुरोध है कि वे समय रहते नाम दर्ज कराकर इस जनहितकारी पहल का लाभ लें।

## पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने महिला थाना और परिवार परामर्श केंद्र का किया दौरा

**गाजियाबाद।** शहर की कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड़ ने रविवार को क्राइम ब्रांच, महिला थाना एवं परिवार परामर्श केंद्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल थानों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया, बल्कि उपस्थित अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित और संवेदनशील रवैया अपनाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने क्राइम ब्रांच में लंबित मामलों की समीक्षा की और अनसुलझे मामलों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों पर सख्त शिकंजा कसना पुलिस की सर्वोपरि जिम्मेदारी है।

## बारिश के पहले ही झोंके में बह गई पालिका की तैयारी!

**गाजियाबाद।** रविवार को हुई पहली ही बारिश ने नगर पालिका लोनी की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। बारिश रुकने के कुछ ही देर बाद लोनी रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज के पास का मुख्य मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया। सड़क पर इतना पानी भर गया कि राहगीरों और वाहन चालकों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। इस मार्ग से प्रति दिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन जलभराव के चलते आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहा। अस्पताल जाने वाले मरीजों और परिजनों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आसपास के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर वर्ष बारिश आते ही यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है, लेकिन प्रशासन की ओर से केवल कागजी खानापूर्ति की जाती है। जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, जिससे हर बार बस्तियों और सड़कों पर पानी भर जाता है।

## भाजपा का संगठनात्मक अभियान बना जनभावनाओं, राष्ट्रसेवा और पर्यावरण चेतना का प्रतीक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी, महानगर गाजियाबाद द्वारा रविवार को बूथों पर मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत एक बहुआयामी संगठनात्मक आयोजन ने शहर को राष्ट्रवाद, पर्यावरण संरक्षण और जनसंपर्क के अद्वितीय संगम का साक्षी बना दिया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में संपन्न इस आयोजन में गाजियाबाद के प्रत्येक मंडल और बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का श्रवण, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण जैसी पहल ने कार्यक्रम को भावनात्मक, वैचारिक और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण बना दिया। प्रत्येक बूथ पर भाजपा पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने न केवल 'मन की बातज का गहन श्रवण किया, बल्कि उसके भावों और संदेशों को स्थानीय जनता तक पहुंचाकर जनसंवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात बलिदान दिवस के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई, और उनके राष्ट्रवादी विचारों को आत्मसात करते हुए संकल्प दोहराया गया कि भाजपा कार्यकर्ता उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चलकर भारत की एकता और अखंडता को सदैव सर्वोपरि रखेंगे। साथ ही, एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बूथ स्तर पर पौधारोपण कर न केवल पर्यावरणीय चेतना का संदेश दिया गया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया गया कि भाजपा की राष्ट्रसेवा प्रकृति प्रेम से अछूती नहीं है। हर बूथ पर दस-दस पौधे लगाकर माँ के प्रति श्रद्धा और धरती माता के प्रति दायित्व को क्रियान्वित किया गया। नगर के विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय और गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को प्रेरणा और दिशा प्रदान की। राजनगर मंडल में महापौर सुनीता दयाल, कविनगर में सांसद अतुल गर्ग, गांधीनगर में अध्यक्ष मयंक गोयल, इंदिरापुरम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, गोविंदपुरम में विधायक अजीत पाल त्यागी और प्रताप विहार में विधायक संजीव शर्मा ने कार्यक्रमों में भाग लेकर अपने-अपने वक्तव्यों से कार्यकताओं में ऊर्जा, अनुशासन और विचार शक्ति का संचार किया। इन वक्तव्यों में जहां मन की बात को राष्ट्रनिर्माण का जीवंत संवाद बताया गया, वहीं पौधारोपण को मातृत्व, प्रकृति और भविष्य की पीढियों के प्रति समर्पण का प्रतीक माना गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आयोजन केवल पार्टी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जनसंवेदना का पर्व बन गया है। कार्यक्रम की सफलता में मंडल अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, बूथ अध्यक्षों, पार्षदों, वरिष्ठ कार्यकताओं और नागरिकों की भूमिका उल्लेखनीय रही, जिन्होंने न सिर्फ उपस्थिति दर्ज कराई बल्कि संकल्प को जीवन का हिस्सा भी बनाया।

## सुंदरदीप कॉलेज में नवागतों का फैशन शो बना मुख्य आकर्षण

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदर दीप कॉलेज ऑफ प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी में शनिवार को व्यवसाय प्रबंधन (बी.बी.ए.) एवं वाणिज्य (बी.कॉम) सत्र 2022-25 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज परिसर के प्रशासनिक भवन के संगोष्ठी कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के प्रति स्नेह और सम्मान प्रकट करते हुए तिलक और पुष्प वर्षा के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. रवि प्रसाद, विभागाध्यक्ष-व्यवसाय प्रबंधन ने स्वागत भाषण देकर आयोजन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र अग्रवाल (कुलाधिपति), अखिल अग्रवाल (उपाध्यक्ष), नितिन अग्रवाल (प्रो-कुलाधिपति), डॉ. प्रसांजीत कुमार (कुलपति), पीयूष श्रीवास्तव (प्रो-कुलपति), श्रीजीव रतन (कुलसचिव), डॉ. दीपा कंवर (उप निदेशक), और सुभाष शर्मा (मुख्य वित्त अधिकारी) ने मंच साझा कर विद्यार्थियों को उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संस्था के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## शातिर वाहन चोर का भंडाफोड़, चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद, तीन गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की चोरी की गई कुल 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इन सभी चोरी की घटनाओं के मामले गाजियाबाद और दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शाहरुख, हसन और अनस के रूप में हुई है, जो ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के ही निवासी हैं। तीनों अभियुक्त लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। इनके खिलाफ लोनी बॉर्डर, ई-पुलिस थाना दिल्ली तथा अन्य थानों में पहले से कई प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इनका एक और साथी दीपू, जो अभी फरार है, चोरी की गई मोटरसाइकिलों को दिल्ली के कबाड़ी बाजार में बेचने का काम करता है। गिरोह दिल्ली, लोनी, ट्रोनिका सिटी और अंकुर विहार क्षेत्र में मोटरसाइकिलों की रेकी कर पहले उनका लॉक तोड़ता था और फिर उन्हें मंडोला जंगल की झाडि ?ों में छिपाकर रखता था। मौका मिलते ही मोटरसाइकिलें दिल्ली में बेच दी जाती थीं। पुलिस ने मौके से जिन 10 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है, उनमें अधिकांश पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश का पंजीकरण नंबर अंकित है। इन वाहनों की शिकायतें पहले से दर्ज थीं और पीड़ित अपनी शिकायतों को लेकर लगातार थानों के चक्कर काट रहे थे। सहायक पुलिस आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि यह हमारी सतत निगरानी और मुखबिर तंत्र की सक्रियता का परिणाम है कि हम इस संगठित वाहन चोर गिरोह तक पहुंच सके। गिरोह का चौथा सदस्य दीपू अभी फरार है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। गाजियाबाद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और संपत्ति की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की गहन जांच की जा रही है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य संभावित लोगों को भी चिह्नित करने में लगी हुई है। थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम को इस सफलता के लिए पुलिस आयुक्त द्वारा शाबाशी दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।